पारा आपडेट
मैक्सिमम 30.00 | मिनीमम 18.00
सूर्यास्त (आज) 17.45
सूर्योदय (कल) 06.20
बोकारो से प्रकाशित

संसेक्स 75,996.86 ● निफ्टी 22,959.50 ● डॉलर 86.88 ₹ ● सोना 85,260 ₹ ● चांदी 1,08,000₹


पेज 06 महाकुंभ : पुण्य की डुबकी या अधर्म...
पेज 08 पुलिस ने तीन महिला समेत आठ...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 18 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 226 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com







हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 18 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# उपायुक्त ने सुनी जनता दरबार में लोगों की समस्या, अधिकारियों को दिया आदेश

संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री सोमवार को जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने मामले के जल्द निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार में राजस्व, स्कूल फी में छूट आदि से संबंधित आवेदन आये।

इसमें हिनू के रहने वाले एक व्यक्ति ने जनता दरबार मे फी जमा नहीं कर पाने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चे का सर्टिफिकेट प्रदान नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वो स्कूल का पूरा शुल्क खराब आर्थिक स्थिति के कारण चुका नहीं सकता और प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए जाने के कारण उसके बच्चे का 11 वीं में नामांकन नहीं हो पा रहा है। इस पर उपायुक्त ने स्कूल प्रबंधन से बात कर समाधान का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया।



कम्प्यूटर जनित प्रति में रकबा की अशुद्धि में सुधार को लेकर एक व्यक्ति द्वारा जनता दरबार में आवेदन दिया गया। इस पर उपायुक्त ने राजस्व कर्मी से ऑनलाइन पूरी जानकारी प्राप्त कर कांके अंचल अधिकारी को मामले के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एक महिला द्वारा पॉलिसी की फोरक्लोजर राशि आवास ऋण खाते में स्थानांतरित करने के संबंध में आवेदन दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को बैंक से बात कर निष्पादन का निर्देश दिया गया। इनके अलावा जनता दरबार में अन्य मामलों को भी सुनते हुए उपायुक्त द्वारा यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पूजा सिंघल मामले में सुनवाई अब 21 को

**ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए**

**अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई**

संवाददाता

**रांची।** आईएएस पूजा सिंघल से जुडे. मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के



लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुई थी।

पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधू भगत, पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथी मनी

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधू भगत की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी महान समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथी के अवसर पर दोनों महान विभूतियों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। सभी नेताओं इन दोनों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए इनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप,वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह यादव, क्षितिज मिश्रा, चंदन कुमार समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पलाश का फूल लोगों को कर रहा आकर्षित

**रांची।** राजधानी के कई स्थानों पर लगे पलाश के पेड़ो पर मौसम कि बदलते मिजाज के साथ पेड़ पर निकले फूलों की सुंदरता देखते ही बन रही है। जहां वैसे स्थान से गुजरने वाले लोग अपने वाहनों को रोक कर फूलों की तस्वीर के साथ अपनी भी तस्वीरे मोबाइल कैमरे में कैद करना नहीं भूल रहे हैं।

### एचईसी की जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण

**रांची।** रांची के हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। धुर्वा इलाके में लोग खाली जमीन पर लोहे की गुमटी, प्लास्टिक के तिरपाल और बांस की बाड़ लगाकर कब्जा कर रहे हैं। अवैध निर्माण का यह खेल रात के अंधेरे में तेजी से हो रहा है। पिछले डेढ़ साल में जगन्नाथ मैदान, एचईसी अस्पताल के आसपास, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-3, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा बस स्टैंड, जेपी मार्केट, डैम साइड और एचईसी के आवासीय परिसर की खाली जमीन पर अवैध निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।हालांकि एचइसी आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें प्रबंधन के पास लगातार मिलती रहती हैं, लेकिन मैन पावर की कमी और निगम खराब आर्थिक स्थिति के चलते प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### बिरसा मुंडा फन पार्क में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन

**रांची।** जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवर्सिटी और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन और ध्यान समेत कई आसन किये और गहराई से समझा। मौके पर विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और तनाव रहित रहने का भी संकल्प लिया। उल्लेरखनीय है कि आधुनिक समय में हमलोग अपने खानपान को संतुलित रखकर और व्यायाम तथा योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ और रोगमुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय रांची के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ. मधुलिका वर्मा निदेशक, स्कूल ऑफ योगा रांची यूनिवर्सिटी, प्रो. आनंद कुमार ठाकुर पूर्व कॉर्डिनेटर स्कूल ऑफ योगा विभाग रांची यूनिवर्सिटी, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और रांची नगर निगम के धीरज कुमार उपस्थित थे।

### कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ता देख रांची पुलिस और जिला प्रशासन हुई अलर्ट

**रांची।** रांची से कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ता देख रांची पुलिस और जिला प्रशासन हुई अलर्ट। सिटी एसपी एसडीएम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सहित रेलवे प्रशासन के साथ रांची रेलवे स्टेशन का किया गया निरीक्षण। सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश जारी।

### अफीम खेती करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बुंडु थाने की पुलिस ने अफीम की खेती करने के दो आरोपियों को लालबाबु सिंह मुंडा और लक्षमण सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक जिले भर में अफीम के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान बुंडू के सीओ हंस हेम्ब्रम के नेतृत्व में 4 फरवरी को थाना क्षेत्र के ग्राम हेठकांची में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया था, जिसमें गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत ममला दर्ज किया गया था। तब से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। जिन्हें बीती रात बुंडु थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण का निधन, आज हरमू शमशान घाट में होगा अंतिम संस्कार

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण श्रीवास्तव का मेडिका में इलाज के दौरान सोमवार की शाम करीब 04:00 बजे निधन हो गया है। उनकी अंतिम शव यात्रा उनके चर्च रोड स्थित बदलदेव सहाय लेन से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार आज मंगलवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे हरमू मुक्तिधाम में किया जाएगा। इसके पूर्व उनका पार्थिव शरीर पूर्वाह्न 10.00 बजे कांग्रेस भवन, में श्रद्धांजलि के लिए लाया जायेगा। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू ने दी।

# गोवा यूनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों की टीम पहुंची रांची विश्वविद्यालय

- छात्रों की टीम रॉक गार्डेन, टैगोर हिल, ट्राइबल रिसर्च इंस्टीच्यूट एवं म्युजियम, राज भवन, नक्षत्र वन, हाइकोर्ट, जेएससीए स्टेरडियम, धुर्वा डैम और विधानसभा भवन को देखा

संवाददाता



**रांची।** अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा यूनिवर्सिटी से छात्रों शिक्षकों की टीम 17-19 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय पहुंची। गोवा से छात्रों के साथ समन्वयक डॉ. वाल्टसर मेनेजेस भी आये हैं, जो दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर हैं। सोमवार को गोवा युनिवर्सिटी से आये छात्रों और शिक्षकों की टीम का बेसिक साइंस परिसर में झारखंड की परंपरा के अनुसार गीत संगीत और नृत्य से भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद रांची युनिवर्सिटी के आइक्यूएसी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रांची युनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो.अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें यहां आने के लिये आभार जताया और कहा कि वह झारखंड की संस्कृति और रांची युनिवर्सिटी के शैक्षणिक माहौल को करीब से देखें।कार्यक्रम में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम तथा आइकेएस की कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति सिंह ने कहा कि हमारा झारखंड कला संस्कृति के मामले में धनी राज्य है। रांची युनिवर्सिटी झारखंड का सबसे पुराना युनिवर्सिटी है जिसकी प्रतिष्ठित अकादमिक संस्कृति है। हम चाहेंगे कि आप इन सब चीजों को यहां देखें। डीएसडब्ल्यू डॉ. एसके साहु ने कहा कि भारत बहुत बड़ा देश है। यहां भाषा संस्कृति में बहुत सारी विविधताएं हैं। हम चाहेंगे कि आप झारखंड को नजदीक से देखें । डॉ. बीके सिन्हा ने कहा कि गोवा की मेहमानवाजी बहुत अच्छी है और हम चाहेंगे कि आप सभी झारखंड के मेहमानवाजी को देखें और महसूस करें। वहीं एनएसस के कोर्डिनेटर डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि भले देश बड़ा है भिन्न भिन्न संस्कृतियां हैं पर हम सबों में बहुत समानताएं हैं।

ह्युमेनिटी डीन डॉ. अर्चना दूबे ने संस्कृत में स्वागत गीत सुनाया। बाद में छात्रों शिक्षकों की टीम ने रांची विश्वविद्यालय के पीजी अंग्रेजी, हिन्दी और इतिहास विभाग का भ्रमण भी किया।

हेरिटेज टूर के तहत मेहमान छात्रों की टीम रॉक गार्डेन, टैगोर हिल, ट्राइबल रिसर्च इंस्टीच्यूट एवं म्युजियम, राज भवन, नक्षत्र वन, हाइकोर्ट, जेएससीए स्टेरडियम, धुर्वा डैम और विधानसभा भवन को देखा।

# आज से झारखंड के मौसम में बड़े बदलाव की संभावना

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मौसम में लगातार बदलाव का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 1 डिग्री गिरावट तो वहीं न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिराव देखी गई। वहीं मौसम विभाग का कहना है की आज (मंगलवार) से एक बार फिर झारखंड के न्यूनतम तपमान में 3 डिग्री तक की बढोत्तरी होगी, वहीं अधिकतम तापमान 1 डिग्री गिरने की संभावना है। सोमवार को अधिकांश जिलों में अच्छी खासी धूप खिली रही। हालांकि ठंडी हवाओं की वजह से लोगों को हल्की सिहरन महसूस हुई।

### 6-7 दिनों तक छाए रहेंगे बादल

मौसम विभाग की माने तो कल यानि मंगलवार से एक बार झारखंड के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, यानि



मौसम का मिजाज बदलेगा और आने वाले अगले 6-7 दिनों तक झारखंड के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहेंगे। वहीं न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक या दो डिग्री की वृद्धि और गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं बदलते मौसम के बीच लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना है और इसे हल्के में बिल्कुल नहीं लेना है। वरना यह आपकी सेहत के लिए महंगा पड़ सकता है।

# मारपीट में एक महिला समेत पांच घायल

**मारपीट करने बाहर से आये आधा दर्जन लोग पुलिस हिरासत में, बोलेरो जब्त**

संवाददाता

**रांची।** पिठोरिया थाना के कोकदोरो मदनपुर में सोमवार की देर शाम गांव के ही दो गुटों के बीच जम कर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के एक महिला समेत पांच लोगों को चोटें आयी है, जिन्हें अस्पताल में ईलाज कराया जा रहा है। पीड़ितों ने मारपीट करने के आरोप में एकराम अंसारी इम्तियाज अंसारी स्तियाक अंसारी शमशेर आलम रुबी खातून और फरीदा खातून के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। वहीं पुलिस आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया है और बोलेरो जब्त कर थाना ले गयी है।



जानकारी के मुताबिक कोकदोरो मदनपुर के शमशाद अपने घर की ढलाई के लिए रुपये रखे थे जिसकी जानकारी बस्ती के मोसफ्फर को होने पर वह शनिवार रविवार की रात डेढ़ बजे शमशाद के घर घुस कर चोरी कर रहा था,जिसकी भनक लगने के बाद घर वाले जग गये और लाईट जलाया तो आरोपी वहां रुपये लेकर भाग निकला,घायलों के मुताबिक मुसफ्फर के साथ गये लोगों ने घर में घुसने के बाद युवती व महिलाओं के साथ छेड़ छाड़ भी किये। बाद में शोर सुनकर गांव वाले भी जग गये। इसकी शिकायत गांव के सदर से की गयी जिसमें सदर ने सोमवार को बैठक बुलाया, जिसमें हाजिर होने के लिए आरोपी पक्ष के लोगों को कहा गया लेकिन कोई नहीं आया,तब सदर के कहने पर आरोपी को बुलाने उसके घर गये तो वहां पर मुसफ्फर अपने ससुराल ओरमांझी से एक बोलेरो आदमी बुला कर घर में रखा था जो लोग इनके साथ लाठी डंडा से पांच लोगों को पीट कर जख्मी कर दिया।

घटना की सूचना पर पहुंची पिठोरिया थाने की पुलिस मौके पर से घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल भेज कर मारपीट करने वाले आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को पकड़ कर थाना ले गयी। खबर लिखे जाने तक सभी घायलों का ईलाज चल रहा था।

# राज्य में कैंसर देखभाल को मजबूत बनाने पर सरकार व टाटा ट्रस्ट्स के बीच मुबई में बैठक



संवाददाता

**रांची/ मुंबई।** झारखंड सरकार और टाटा ट्रस्ट्स के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्य में कैंसर देखभाल को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा के बीच यह बैठक मुंबई में हुई। बैठक में कैंसर उपचार के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर जोर दिया गया। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए सीजीएचएस दरों में 10% की वृद्धि आवश्यक हो सकती है। उन्होंने कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शुरूआती जांच और स्क्रीनिंग के महत्व पर भी जोर दिया।

सिद्धार्थ शर्मा ने सुझाव दिया कि झारखंड के सभी 24 जिलों में कैंसर जांच और स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में कैंसर रोग एक बड़ी समस्या है और झारखंड में राज्य सरकार और प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर कैंसर उपचार में टाटा ट्रस्ट अपना सहयोग देना चाहता है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उनके सुझावों से वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को अवगत करायेंगे। राज्य सरकार इस दिशा में टाटा ट्रस्ट्स जैसे अनुभवी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# झूठ बोलकर पुलिस कर्मी ने की लव निकाह

**अब बेटी पैदा होने पर पत्नी को कर रहा प्रताड़ित**

**पत्नी ने पुलिस के आलाधिकारियों से कार्रवाई की लगा रही गुहार**

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सिपाही की नौकरी कर रहे यूपी के मूल निवासी आजाद खान पर उसकी पत्नी बेनजीर खानम ने झूठ बोल कर उसे पहले प्रेम जाल में फंसाया उसके बाद शादी का झांसा देकर दो सल तक अय्याशी करते रहने, मारपीट करने व गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। फिलहाल बेनजीर अपनी एक साल की बेटी के साथ किराये के मकान में रह कर पति से खर्च लेने की मोहताज हो गयी है।



पीड़िता बेनजीर खानम ने बताया कि वह 2017 में नर्सिंग की ट्रेनिंग ले रही थी उसी दौरान आजाद खान से सामना हुआ था, तब उसने बोला था कि वह शादीशुदा है लेकिन उसकी पत्नी मर गयी है, इस लिए वह उससे शादी कर सकता है। बेनजीद उसकी बातों में भरोसा कर हां कर दी, उसके बाद से दो साल तक वह बेनजीर के साथ अय्याशी करता रहा इस बीच कई बार वह गर्भवती हो हुई जिसे वह गर्भपात करा दिया।

इंकार करने पर वह मारपीट भी करने लगा था। बाद मे शादी का दबाव बढ़ाने पर उसने मई 2019 में उससे निकाह कर लिया उसके कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा, वह गर्भवती हो गयी तब वह बच्चा गिराने के लिए मारपीट कर दवा खिलाने लगा, एक साल के बाद उसने बेटी को जन्म दिया, बेटी पैदा होने पर आजाद और उसका बड़ा भाई अरशद खान जो वर्तमान में डीजीपी ऑफिस में कार्यरत है, दोनों भाईयों ने उसे प्रताड़ित करने लगे, बाद में आजाद खान पत्नी को छोड़ कर अपने गांव यूपी के गाजीपुर स्थित बोड़सरा चला गया, तब बेनजीर उसे तलाश करते हुए उसके घर तक पहुंच गयी, वहां जाने पर असली माजरा समझ में आ गया, आजाद खान के घर पर उसकी पत्नी भी थी और उसकी 15,13 साल की दो बेटियां और 8 साल का एक बेटा भी था। जो इसे देखते ही आग बबुला हो गये। आजाद मारपीट कर बेनजीर को भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने पति पर धोखाधड़ी कर यौनषोशन करने, गर्भपात कराने मारपीट करने और खर्च की मांग के लिए 376,और 398 का केस कर दिया।

अब बेनजीर जुल्म पति को सजा दिला कर इंसाफ पाने के लिए कोर्ट और पुलिस के आलाधिकारियों के दरबार की खाक छान रही है। पीड़िता के मुताबिक उस पर हुई अत्याचार के लिए पति का बड़ा भाई पुलिस कर्मी अरशद खान भी बराबर का शरीक है।

# झामुमो बनाएगा 50 लाख नए सदस्य



संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।

झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से युवा एवं महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हों ने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है।

पारा आपडेट
मैक्सिमम 30.00 | मिनीमम 18.00
सूर्यास्त (आज) 17.45
सूर्योदय (कल) 06.20
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 75,996.86 ● निफ्टी 22,959.50 ● डॉलर 86.88 ₹ ● सोना 85,260 ₹ ● चांदी 1,08,000 ₹

पेज 06 महाकुंभ : पुण्य की डुबकी या अधर्म...
पेज 08 पुलिस ने तीन महिला समेत आठ...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत 2082




RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 18 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 226 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झरखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### सीएम हेमंत सोरेन आज 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी ) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा। नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

### शिवराज ने दी 13.22 लाख टन अरहर दाल खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2024-25 के खरीफ सीजन के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में 13.22 लाख टन अरहर दाल खरीद को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में खरीद पहले ही शुरू हो चुकी है और 15 फरवरी तक इन राज्यों में कुल 0.15 लाख टन अरहर की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 12,006 किसानों को लाभ हुआ है। अन्य राज्यों में भी अरहर की खरीद जल्द ही शुरू होगी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार नाफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों शत प्रतिशत अरहर दाल खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने एकीकृत प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को 15वें वित्त आयोग के दौरान वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

### ईडी की याचिका पर सत्येंद्र जैन को नोटिस, अगली सुनवाई 3 मार्च को

**नई दिल्ली।** 17 दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस विकास महाजन की बेंच ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को नोटिस जारी किया है।यह नोटिस जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोप तय करने का आदेश देने पर रोक लगाने की मांग करने वाली ईडी की याचिका पर जारी किया गया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को करने का आदेश दिया। ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि मामले में नई चीजें हुई हैं। उन्होंने कहा कि जब तक ईडी मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल नहीं कर देती तब तक ट्रायल कोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी जाए। जोहेब हुसैन ने कहा कि ईडी सत्येंद्र जैन की इस मांग से सहमत है कि जांच जारी रहते हुए आरोप तय करने पर सुनवाई पर रोक लगाई जाए।

---

### नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

# ज्ञानेश कुमार को बनाया जा सकता है अगला मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर आज पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए हैं। बता दें कि, मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कल (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है। वहीं उम्मीद की जा रही है कि सीईसी राजीव कुमार के बाद सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जा सकता है।




### कैसे होता है नए मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन?

अब तक सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को ही मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया जाता था। हालांकि, पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू हुआ। इसके तहत एक खोज समिति ने इन पदों पर नियुक्ति के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्ट लिस्ट किया था, ताकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली समिति उन पर विचार कर सके। पीएम, लोकसभा में नेता विपक्ष और पीएम की तरफ से नामित एक कैबिनेट मंत्री एक नाम को मंजूरी देते हैं। इसके बाद राष्ट्रपति नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगी।

### चयन को लेकर बैठक पर कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा-

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक रोकें चयन

बैठक को लेकर कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसे कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और अजय माकन ने संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, आज चीफ इलेक्शन कमिश्नर के चुनाव से जुड़ी बैठक हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 19 फरवरी को इस विषय में सुनवाई होगी और फैसला सुनाया जाएगा कि कमेटी का संविधान किस तरीके का होना चाहिए। ऐसे में आज की बैठक को स्थगित करना चाहिए था। कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव आयोग पर नियंत्रण चाहती है, न कि उसकी विश्वसनीयता को बनाए रखना चाहती है।

इस दौरान कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए 2023 में एक एक्ट आया- मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम इसके अनुसार- प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और नेता विपक्ष की समिति मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करती है, लेकिन उसमें बहुत सारी संवैधानिक और कानूनी समस्याएं हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सामने बात रखी गई और सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 को एक फैसला दिया। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र और उसकी निष्पक्षता के लिए सीईसी और ईसी की चयन समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआईक) और नेता विपक्ष हों। लेकिन इस फैसले की आत्मा और उद्देश्य को बिना समझे, जल्दबाजी में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम लाया गया। इस नए कानून में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के ठीक विपरीत काम किया गया, जिसमें पूरी तरह से कार्यपालिका मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) का चयन कर रही है।

---

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 33वीं बैठक संपन्न

# आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर बनी सहमति

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित नए मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्रीमती वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो० नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ● पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए मामलों सहित कुल 103 मामलों की समीक्षा की गई



बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया।

मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

### रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारू रूप से चले इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

---

### मप्र के सीधी में भीषण सड़क हादसा

## प्रयागराज जा रही बोलेरो खाई में गिरी, चार की मौत

एजेंसी

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां महकुंभ जा रही बोलेरो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए गांधी अस्पताल, रीवा और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खाई 30 फीट से ज्यादा गहरी है। गनीमत रही है कि पत्थर और पेड़ों की वजह से गाड़ी 12 फीट से नीचे जाकर अटक गयी, नहीं तो और लोगों की जान जा सकती थी।

हादसा रविवार-सोमवार की देर रात करीब 2 बजे मूड़ा पहाड़ पर हुआ। सभी लोग सिंगरौली के जयंत से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। जैतपुर गांव से दो गाड़ियों में 13 लोग प्रयागराज के लिए निकले थे। इनमें एक गाड़ी में



आठ और दूसरी में पांच लोग सवार थे। इस दौरान आठ सवारी वाली तेज रफ्तार बोलेरो अचानक अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। स्थानीय ग्रामीणों को सोमवार सुबह करीब 5 बजे हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि अन्य 2 ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल सीधी में दम तोड़ दिया है। वहीं 4 घायलों इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

---

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त, आयोग ने दी विदाई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को आज विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था। अपने विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रेरित और अपुष्ट हमलों के बावजूद लगभग एक अरब मतदाताओं का भरोसा अडिग है। उन्होंने मतदाताओं की विशेष रूप से महिला मतदाताओं की उनकी जीवंत भागीदारी के लिए सराहना की और कहा कि चुनावी प्रक्रिया अब अधिक समावेशिता की ओर बढ़ रही है।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समावेशी, परिवर्तनकारी और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत मिली है और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत का कद वैश्विक स्तर पर और बढ़ा है।

---

## सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए केजरीवाल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** दिल्ली में विधनासभा चुनाव के दौरान हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर विवाद में उलझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए। केजरीवाल की जगह उनके वकील भुवेश मलिक कोर्ट पहुंचे थे।

सोनीपत में सिंचाई विभाग के एक्सईएन अभियंता आशीष कौशिक ने कोर्ट में याचिका लगाई है। जिसमें कहा गया है कि 28 जनवरी को यमुना नदी से सटे कई गांवों के लोग सिंचाई विभाग के कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यमुना नदी में जहर क्यों डाला। इससे जानवरों और लोगों की मौत हो जाएगी। लोगों से जब कारण पूछा गया तो उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही एक वीडियो क्लिप दिखाई। वीडियो में अरविंद केजरीवाल बयान दे रहे थे कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी में जहर मिलाया है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के अलर्ट के कारण पानी में जहर की जानकारी मिली है। जिसके चलते दिल्ली के लोगों की जान बच गई है।

अधिकारी ने याचिका में बताया कि लोगों की बात सुनने के बाद उन्होंने सबको शांत किया। उनसे कहा गया कि वायरल वीडियो में जो कहा जा रहा है, ऐसा कुछ भी नहीं है। पानी में किसी तरह का जहर नहीं है। अरविंद केजरीवाल का बयान गलत है। इसके बाद भीड़ शांत हुई और चली गई। इसके बाद हरियाणा सरकार ने केजरीवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत क्रिमिनल शिकायत फाइल की थी। चीफ ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा गोयल की कोर्ट ने केजरीवाल को आज के लिए नोटिस जारी किया था। केजरीवाल के वकील ने अदालत को बताया कि नोटिस के साथ उन्हें सबूत नहीं मिले हैं। इस पर उन्हें सबूत और पेनड्राइव प्रोवाइड कराए गए। इसके बाद कोर्ट ने 20 मार्च को अगली सुनवाई तय की है।

### ● यमुना के पानी में जहर मिलाने के बयान मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को



---

### डीप ओशन मिशन > पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली

# वेट टेस्ट पास, 2025 के अंत तक 500 मीटर का ट्रायल होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कॉम्पैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है और 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर



इसका परीक्षण किया जाएगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार डिजाइन चरण के पूरा होने के बाद मत्स्य-6000 की कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला हैः गोताखोरी के लिए एक मुख्य गिट्टी प्रणाली, तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और उछाल के लिए सिंटैक्टिक फोम। इसमें एक परिष्कृत बिजली वितरण नेटवर्क, अत्याधुनिक नियंत्रण हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ उन्नत पानी के नीचे नेविगेशन डिवाइस भी शामिल हैं।

संचार प्रणालियों में एक ध्वनिक मॉडेम, पानी के नीचे टेलीफोन और सतह संचार के लिए वीएचएफ शामिल हैं, जो सटीक सतह स्थान ट्रैकिंग के लिए पानी के नीचे ध्वनिक स्थिति और जीपीएस द्वारा पूरक हैं। गोलाकार पतवार के अंदर, मानव जीवन-सहायक प्रणालियों के एकीकरण, विभिन्न पर्यावरणीय एवं महत्वपूर्ण मापदंडों के प्रदर्शन, गतिशीलता के लिए नेविगेशन जॉयस्टिक, साथ ही पतवार के बाहर विभिन्न समुद्र विज्ञान सेंसर, पानी के नीचे प्रकाश व्यवस्था और कैमरों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया है।

### प्रदर्शन चरण में कुल आठ गोते शामिल थे

इन परीक्षणों का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर मत्स्य के प्रदर्शन का सावधानीपूर्वक आकलन करना था। मूल्यांकन में बिजली और नियंत्रण नेटवर्क की मजबूती, वाहन की फ्लोटेशन और स्थिरता, मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली, और सीमित स्वतंत्रता के भीतर गतिशीलता, विशेष रूप से आगे और पीछे की गति पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, नेविगेशन और संचार क्षमताओं की जांच की गई। वैज्ञानिक पेलोड, जिसमें कई परिष्कृत समुद्र विज्ञान सेंसर शामिल थे, उनका पूरी तरह से परीक्षण किया गया और उनकी इच्छित कार्यक्षमता की पुष्टि करने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन चरण में कुल आठ गोते शामिल थे, जिनमें पांच मानव रहित गोते और पांच मानवयुक्त गोते शामिल थे। प्रत्येक मानवयुक्त गोते को कठोर रूप से योग्य बनाया गया था, जिससे जीवन समर्थन प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई। बंदरगाह में सीमित पानी की गहराई के कारण, पानी के भीतर आवाज से संचार कम प्रभावी था, जिससे उथले पानी के संचालन में विश्वास बढ़ाने के लिए अधिक गहराई पर आगे के परीक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कुछ क्षेत्रों में इष्टतम प्रदर्शन और पूर्णता प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। फिर भी बंदरगाह पर मत्स्य 6000 के सफल गीले परीक्षण ने 2025 के अंत तक 500 मीटर तक की गहराई तक उथले पानी के प्रदर्शन आयोजित करने के लिए विश्वास को मजबूत किया।

---

## सीबीएसई ने पेपर लीक की अफवाहों पर अभिभावकों व विद्यार्थियों को किया सतर्क

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों का खंडन किया है। बोर्ड ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बारे में सोशल मीडिया पर किए जा रहे झूठे दावों के प्रति सतर्क रहने को कहा है।

सीबीएसई ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि उसने परीक्षाओं के सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। साथ ही कहा कि बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व यूट्यूब, फेसबुक, एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेपर लीक होने या 2025 परीक्षा के प्रश्नपत्रों तक पहुंच का दावा करने के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच अनावश्यक दहशत पैदा करना है। बोर्ड सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

अभिभावकों को भेजे गए परामर्श में सीबीएसई ने अभिभावकों से यह भी कहा कि वे अपने बच्चों को परीक्षा प्रक्रिया में बाधा डालने वाली अपुष्ट सूचनाओं से दूर रहने के लिए मार्गदर्शन करें।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा, कई सामान जब्त

**बोकारो।** सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह ओपी क्षेत्र के कुंडौरी के कूलिंग पोंड के समीप अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। मौके से टीम ने 150 लीटर स्प्रिट, विदेशी शराब 100 लीटर, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेंज, मेकडोवल नंबर वन, आईकॉनिक व्हाइट एवं ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड के स्टीकर, खाली बोतल एवं ढक्कन जब्त किए। वहीं, मामले में संलिप्त अभियुक्त राजा बाबू उर्फ सहदेव साहू पर अभियोग दर्ज किया गया। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास आदि शामिल थे।

### बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस -2 एवं सीसीएस विभाग ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस -2 एवं सीसीएस (स्टील मेल्टिंग शॉप एवं कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप) विभाग ने एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके पूर्व दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को एसएमएस -2 एवं सीसीएस विभाग ने 46 हीट के साथ 12880 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन किया था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस -2 एवं सीसीएस विभाग ने वर्ष 2025 के जनवरी माह में 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था। कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी आर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम, सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### बोकारो जेनरल अस्पताल में ठेका श्रमिकों के रिव्यू मेडिकल चेकअप के लिए पंजीकरण

**बोकारो।** बोकारो जनरल अस्पताल में जिन ठेका श्रमिकों को रिव्यू मेडिकल चेकअप के लिए सलाह दी गयी है, वैसे ठेका श्रमिक दिनांक 18 फरवरी को सेक्टर 2-सी स्थित सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए मेडिकल चेकअप रिपोर्ट को साथ में लाना अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद रिव्यू कैंप की तिथि और समय के बारे में जल्द ही सूचित किया जायेगा। मेडिकल रिव्यू कैंप में सिर्फ पंजीकृत ठेका श्रमिकों का ही मेडिकल चेकअप किया जायेगा। उक्त जानकारी बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने दी है।

### पर्यावरण संतुलन में पंछियों का अहम योगदान : संजय बैद

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा जैविक उद्यान में पेड़ों पर पंछियों के संरक्षण एवं उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए उद्देश्य से बने-बनाए घोंसले लगाए गए। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि पंछी भी सृष्टि का महत्वपूर्ण अंग है, हमें पंछियों के संरक्षण एवं वन संरक्षण का समर्थन करना चाहिए। श्री चोपड़ा ने पंछियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा कि पंछी हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग है और उनकी देखरेख एवं सुरक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। श्री बैद ने कहा कि पूर्व निर्मित घोंसले लगाने से पंछियों को सुरक्षा एवं संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित नगर सेवा (बागवानी) के उप महाप्रबंधक पी एस सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की परंपरागत गतिविधियों को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यों में समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों को आगे आकर अपने घरों एवं आसपास पंछियों के संरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। चयनित सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण में रहे इसके लिए पंछियों के अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए। श्वेता रस्तोगी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा पंछियों के संरक्षण की दिशा में आज एक अभिनव प्रयोग किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, धनेश बंका, ललिता चोपड़ा, गौरव सिंह, प्रेम कुमार, गणेश महतो, जैविक उद्यान के मोहम्मद मुतुर्जा बेग, साहिल शिवम, रुस्तम आलम का सराहनीय योगदान रहा।

### विधायक ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री से की वार्ता



**बोकारो।** बोकारो परिसदन में भारत सरकार के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन और विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के बोकारो प्रवास के क्रम में विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बोकारो विधानसभा में व्याप्त क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विधायक श्रीमती सिंह के अलावा गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं उपायुक्त की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री के साथ विशेष बैठक हुई। विधायक श्रीमती सिंह ने दामोदर नदी एवं गरगा नदी में प्रदूषण, अवैध रूप से नदियों का अतिक्रमण, चिमनियों से निकलने वाला धुआं और बियाडा क्षेत्र के प्रदूषण और कुछ स्थानों पर लगातार वन विभाग की जमीन व पहाड़ों के भी अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर मंत्री श्री सिंह को अवगत करवाया। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लिया और बोकारो की जनता को आश्वस्त किया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### विस्थापितों ने एसडीओ को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**तेनुघाट/ बोकारो।** अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में सोमवार को बेरमो अनुमंडल विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न विस्थापित संगठनों के लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ को तेनुघाट-कोनार डैम बांध परियोजना तथा तेनुघाट, बोकारो थर्मल और सीटीपीएस थर्मल पॉवर प्लांट के विस्थापितों से संबंधित 13 सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपने वालों में विस्थापित नेता भुवनेश्वर केवट, उमाचरण रजवार, बालेश्वर यादव, छत्रधारी ठाकुर, रुस्तम अंसारी, पवन ठाकुर, छोटेलाल बेसरा, राजेश नायक सहित कई विस्थापित नेता शामिल थे।विस्थापितों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी से मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार के द्वारा विस्थापन आयोग का अविलंब गठन किया जाय। विस्थापित परिवारों को जमीन अधिग्रहण के एवज में नौकरी दी जाय एवं राज्य के सभी बहालियों में विस्थापित परिवारों के लिए 75 प्रतिशत पद आरक्षित किया जाय। इसके अलावा पुनर्वास क्षेत्र में बसाए गए विस्थापित परिवारों को दिए वासगीत पर्चा के आधार पर जमीन की मालगुजारी रसीद निर्गत की जाय एवं पुनर्वास से वंचित विस्थापित परिवारों का पुनर्वास सुनिश्चित किया जाय। जमीन अधिग्रहण के एवज में बकाया मुआवजा का वर्तमान बाजार दर से अविलंब भुगतान किया जाय।

# केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने की बोकारो में संचालित योजनाओं की समीक्षा, दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता



**बोकारो।** भारत सरकार के वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को बोकारो परिसदन सभागार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न आयामों के अंतर्गत किए गए विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बैठक में बोकारो के वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित उपायुक्त श्रीमती जाधव ने केंद्रीय मंत्री को क्रमवार स्वास्थ्य-पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, बुनियादी ढ़ांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए कार्य, आकांक्षी जिला, आकांक्षी प्रखंड का कंपोजिट स्कोर एवं डेल्टा रैंक के संबंध में बताया। साथ ही, स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जिले के लिए प्रमुख चुनौती एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराया, जिसमें एनीमिया, टीबी और स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने बताया कि सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सहियाओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में भी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके। केंद्रीय मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच की व्यवस्था, केंद्रों को लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित करने जैसे प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे राष्ट्रीय पटल पर रखने की बात कही। शिक्षा के क्षेत्र में भी जिला विभिन्न कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और यह क्रम अभी भी जारी है। उन्होंने छात्र-शिक्षक अनुपात, विद्यालयों में पेयजल की सुविधा, शौचालय की सुविधा आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि जिले के सभी विद्यालयों को भी लर्निंग म्यूजियम के रूप में विकसित किया गया है। विद्यालयों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं टैब लैब भी है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री ने कृषि- जल संसाधन, बुनियादी ढांचा एवं वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने कुछ सुझाव भी दिए। इस क्रम में उन्होंने जिला कृषि विभाग को लघु सिंचाई में ड्रिप सिंचाई के साथ स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल करने को कहा। वहीं, पहाड़ी एवं कम सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों में औषधीय पौधा मदार की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को इस दिशा में कार्य करने को कहा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एन एस कुजूर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज मणि, नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज दुबे, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।बोकारो परिसदन में केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह के साथ संवाद किया।

## पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने केंद्रीय मंत्री से गरगा नदी व सतनपुर पहाड़ी के संरक्षण का अनुरोध किया

संवाददाता



**बोकारो।** स्वच्छ भारत अभियान, झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश संयोजक सह- स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव पर्यावरणविद शशि भूषण ओझा मुकुल ने सोमवार को बोकारो परिसदन में केंद्रीय मंत्री वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से मुलाकात कर उनका ध्यान गरगा नदी के प्रदूषण और अतिक्रमण तथा सतनपुर पहाड़ी के संरक्षण सहित इसके पास स्थित तेतुलिया मौज की लगभग 104 एकड़ वन भूमि पर गलत कागज बनाकर भू माफिया द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की तरफ आकृष्ट कराया। वार्ता के क्रम में बताया कि चास नगर निगम क्षेत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र की कॉलोनियों का प्रदूषित जल लगातार गरगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है, जिससे यह नदी अत्यंत प्रदूषित होकर मर रही है। जबकि, नदी प्रदूषण एक संज्ञेय अपराध भी है। यह भी कहा कि इस नदी की उत्पत्ति बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के कलौंदी जलकुंड से है, जो गौरवान्वित करने वाली एक पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। क्योंकि, यह भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित यहां आयोजित की गई यज्ञ से है, जिसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए ऋषि श्रेष्ठ गर्ग ने इस नदी की धारा को अपने तपोबल से भूगर्भ से उत्पन्न किया था, जो गर्ग गंगा के नाम से विख्यात हुई और तदंतर में इसी का अपभ्रंश नाम गरगा हो गया है। इस नदी का उद्गम स्थल भी पूरी तरह गाद से भरा है और अतिक्रमित भी है। केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया गया कि सतनपुर पहाड़ी के पास की लगभग 104 एकड़ वन भूमि भूमाफियाओं द्वारा गलत कागजात बनाकर अतिक्रमित कर न सिर्फ बेचा जा रहा है, बल्कि अवैध तरीके से भवन निर्माण का भी कार्य किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी की सुंदरता तो समाप्त हो ही रही है, साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना अत्यंत जरूरी है। मंत्री श्री सिंह ने सारी बातों को पूरे ध्यान पूर्वक सुना और दिल्ली आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि सारी बातों की लिखित और पूरी जानकारी मिलकर दें, जिस पर वह निश्चित करवाई करेंगे।

## ढोरी बस्ती रेहवाघाट में नवयुवक संघ ने मनाई संत रैदास जयंती

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के ढोरी बस्ती रेहवाघाट में सोमवार को नवयुवक संघ की ओर से संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनायी गयी। अध्यक्षता संघ के संरक्षक शिवलाल रवि व संचालन भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गोर्वधन रविदास ने किया। कार्यक्रम में लोगों ने संत रैदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि संत रविदास व्यक्ति नहीं विचारक थे। वे भगवान के प्रति इतना निष्ठा रखते थे कि उसे पा लिए। वे सामंतवादी प्रथा के प्रति लड़ाई लडे। संत की प्रेरणा के चलते सामाज को आरक्षण मिला। कहा कि समाज को रूदीवादी प्रथा से हटकर अपने बच्चों को शिक्षित बनाना चाहिए। संत रैदास से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। समाज से खाने पीने की परम्परा को हटाना चाहिए। कहा कि सभी को कर्म ऐसा करना चाहिए कि हमारे जाने के बाद भी समाज हमें याद रखें। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम ने गुरू रैदास की जीवनी को बताते हुए कहा कि वे समाज की भलाई के लिए काफी कार्य किये हैं। लेकिन कोडरमा में उनकी प्रतिमा को तोडे जाने की निंदा करते हैं। कहा कि मन को हमेशा साफ रखना चाहिए। मानव के बीच में हीं भगवान रहते हैं। स्वच्छ मन से भगवान को बुलाने पर भगवान आ जाते है। वक्ताओं ने कहा कि समाज की समृद्धि के लिए लोग अन्य सुविधाओं में कटौती कर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। संत के आध्यात्मिक ज्ञान से जो प्रकाश समाज को मिला है इसका लाभ उठाना चाहिए। संत रैदास ने जाति और भेदभाव रहित समाज निर्माण पर बल दिया था। समाज से अंधविश्वास, नशा, दहेज व अशिक्षा को खत्म करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को भाजपा नेता ओमशंकर सिंह, भाजपा फुसरो नगर मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, बसपा जिलाध्यक्ष फुलचंद रविदास, भीम आर्मी फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, संतोष रवि, डालेश्वर रवि आदि ने संबोधित किया।

## केंद्रीय मंत्री ने एग्रोपार्क व कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण



संवाददाता

**बोकारो।** भारत सरकार के वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को चास के कांड्रा स्थित नगर वन का निरीक्षण किया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार को उन्होंने उच्चस्तरीय नगर वन में विकसित किए जाने हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजने का निर्देश दिया। वहीं, वन पर्यावरण राज्यमंत्री ने कसमार स्थित एग्रो पार्क का निरीक्षण किया। इस क्रम में जेएसएलपीएस की दीदी द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने दीदी से क्रमवार संवाद किया। उनके द्वारा बैंक से लिए गए ऋण, काम व आमदनी के संबंध में चर्चा की। मंत्री श्री सिंह उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। इसी क्रम में मंत्री श्री सिंह ने जिले के कसमार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से क्रमवार संवाद किया। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधि को लेकर किए गए कार्यों जैसे आइटीसी लैब, पुस्तकालय, विद्यालयों को लर्निंग म्यूजियम के रूम में विकसित करने, छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग आदि का जायजा लिया।

## संस्कार किड्स विद्यालय में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित संस्कार किड्स विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़े हीं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार का आयोजन विशेष रूप से दादा-दादी और नाना-नानी को समर्पित था। विद्यालय की प्राचार्या अनामिका सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार की नींव होते हैं, जिनके अनुभव और संस्कार ही आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा दिखाते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने बच्चों को बुजुर्गों के प्रति प्रेम और आदर की शिक्षा देनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। नृत्य, गायन और नाटक की विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया बल्कि पारिवारिक मूल्यों को भी बखूबी दशार्या। खासतौर पर एक्रो गार्डन की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसे सभी ने सराहा। इस आयोजन में नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सीटी डीएसपी आलोक रंजन, डॉ० एचडी सिंह, अफरोज राणा और एम. हुसैन ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्र की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि संस्कार किड्स विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है बल्कि बच्चों में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का भी विकास कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं और उन्हें अच्छे संस्कार देकर एक बेहतर नागरिक बनाया जा सकता है। विद्यालय की शिक्षिकाओं संध्या प्रसाद, प्रियंका कुमारी, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी, रोजी परवीन, अंजलि, साधना, पूनम कुमारी और रीता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को तैयार करने और पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपनी पूरी मेहनत झोंक दी। वहीं, छात्रों में माही लका, वाषिक, अनुष्का, श्रेया, दिया, राजवीर और आदित्य ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। समापन के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें संस्कार और नैतिकता की सीख भी देंगे। इस वार्षिक उत्सव ने शिक्षा, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ने का एक सफल प्रयास किया, जिससे हर किसी को प्रेरणा मिली।

### पक्षियों की विविधता से अवगत हुए केबी कॉलेज के विद्यार्थी

## ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



**बोकारो।** केबी कॉलेज, बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र विभाग, एनएसएस एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम जंतु शास्त्र सभागार में आयोजित किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि पक्षी पर्यावरण के महत्वपूर्ण अंग हैं। ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम हर वर्ष फरवरी माह में चार दिनों तक मनाया जाता है। इस बार ये 14 से 17 फरवरी तक आयोजित है, जिसमें पक्षियों की गिनती करने व पंछी संरक्षण में योगदान करने के लिए सभी स्तरों पर पक्षी प्रेमियों को शामिल किया जाता है।

प्रो. इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने बताया ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के द्वारा एकत्र किए गए डेटा को ऑनलाइन वेब इंटरफ्रेंस इ बर्ड में प्रस्तुत किया जाता है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य कुछ मिनटों के लिए पक्षियों का पर्यवेक्षण करना, उनकी पहचान करना तथा उनकी गिनती करना है। विभागाध्यक्ष (जंतुशास्त्र) डा. अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा कि झारखंड राज्य मे पक्षी विविधता की जानकारी अति आवश्यक है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा परिसर मे ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन वैज्ञानिकों को दुनिया भर के पक्षियों को बेहतर तरीके से समझने और उनकी रक्षा करने में मदद करने के लिए एक वैज्ञानिक डेटाबेस को बनाए रखने के उद्देश्य से किया जाता है।

उद्घाटन सत्र के बाद छात्र छात्राओं ने कॉलेज कैंपस में घूम-घूमकर पक्षियों का सर्वे किया। मंच संचालन जंतु शास्त्र विभाग की रमसा फातिमा और खुशबू मेहता ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन डा अरुण कुमार रॉय महतो ने किया। कार्यक्रम मे प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा प्रभाकर कुमार, सदन राम आदि समेत कई छात्र-छात्राएं, जंतु शास्त्र, एनएसएस के स्वयं सेवक आदि मौजूद रहे।


## AFFIDAVIT

I, LALBABU ANSARI, Aadhar No.4750 8089 8452 S/o. Late Najamuddin Ansari, aged about 52 years, by faith- Islam, by Occupation- Business, Residence of Village- Dumaro, P.O. Siwandih, P.S. Marafari, District- Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:
1. That, I am a permanent inhabitant of my aforesaid address.
2. That, my marriage was solemnized with Akhtari Khathun.
3. That, from my and my said wife married life two sons namely (1) Md. Shoaib Akhtar, aged about 26 years (ii) Md. Mojib Akhtar Raja, aged about 24 years, and one Daughter namely; Tamanna Parween, aged about 21 years, have born.
4. That, my said oldest son namely Md. Shoaib Akhtar does the work of Hair Dresser (i.e. Barber) here and there outside the State of Jharkhand and he also lives there.
5. That, my said oldest son is beyond my control and guardianship.
6. That, my son namely Md. Shoaib Akhtar behaviour with me and other member of my family is rudely and he was oftenly used to adopt misbehaving attitude with us.
7. That, I and other member of my family several times tried to understand him but inspite of our enough efforts he did not changed his attitude and behavior.
8. That, when I and other member of my family saw that he is not changing his attitude and behavior after our enough efforts then we ousted him from our house from February, 2024.
9. That, from February 2024 my said son has been living separately from us anywhere without having any concern or relation with us and our all relation as being son, parents and brother & sister have been broken with him from that time.
10. That, my said son namely Md. Shoaib Akhtar is major and beyond my and my other family members control and guardianship. Hence if he does any overt act and illegal or legal work then ne will be responsible for the same and I and other member of family will not be Fesponsible for the same.
11.That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concerned in token of proof of the contents made hereinabove and for needful purpose.

## संक्षिप्त खबरें

### शारदा विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक अनुष्ठान संपन्न

**धनबाद।** धनबाद के मनइटाड़ बस्ती स्थित शारदा विद्या मंदिर स्कूल में सोमवार को वार्षिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए। स्कूल के निर्देशक शिव शंकर सिंह ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर योग और खेलकूद में रुचि लेने की सलाह दी। उन्होंने आशा जताई कि विद्यालय के विद्यार्थी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान शिक्षक राकेश सिंह, भाकपा-माले नेता राणा चट्टराज, राजीव सिंह (वाली), मुन सिन्हा, विश्वनाथ चक्रवर्ती, रिंकी देवी, नेहा भारती और विश्वजीत दास गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ भाजपा का जनसंपर्क अभियान

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी बरटांड मंडल ने 16 फरवरी 2025 को पांडरपाला वार्ड 17 और 18 की जनसमस्याओं और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ नगर निगम मुख्य द्वार पर धरना की सफलता के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ठाकुर कुल्ही, धैया, बाबूडीह, बेकारबांध और जयप्रकाश नगर सहित विभिन्न स्थानों पर बैठकें की गईं। भाजपा ने आरोप लगाया कि वार्ड 17 और 18 की महत्वपूर्ण सड़कें, जैसे पॉलिटेक्निक कॉलेज से काली मंदिर, पटेल चौक होते हुए बाईपास तक तथा पटेल चौक से भारत चौक, दास टोला, सुरायटांड तक की सड़कें अत्यधिक जर्जर हो चुकी हैं। इन सड़कों के निर्माण के लिए धनबाद विधायक राज सिन्हा के प्रयास से आठ माह पूर्व टेंडर पास हो चुका था, लेकिन नगर निगम की अनदेखी और अकर्मण्यता के कारण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। इस अभियान में जिला मंत्री पंकज सिन्हा, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, पुरुषोत्तम रंजन,बबलू सिंह, ऋषभ राज, रामशार खटिक और बबलू सहाय सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### विधायक राज सिन्हा ने बीसीसीएल सीएमडी से की मुलाकात

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने प्रमुख रूप से कार्मिक नगर में डीपीएस स्कूल जाने वाली सड़क, धनबाद सीएमपीएफ गेट से केंद्रीय चिकित्सालय जगजीवन नगर होते हुए ओपीडी तक जाने वाली सड़क और चिकित्सालय के मुख्य द्वार की मरम्मत की मांग रखी। सीएमडी समीरण दत्ता ने विधायक की सभी मांगों पर सहमति जताई और जल्द से जल्द इन कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में बीसीसीएल के कार्मिक निदेशक मुरली कृष्ण रमैया, सुरेंद्र भूषण, जीएम प्रशासन और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जामताड़ा में 10 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी, रेप के बाद हत्या, आरोपी फरार

**धनबाद।** झारखंड के जामताड़ा जिले के डाबर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की 10 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घिनौने अपराध के आरोप में गांव के ही एक युवक का नाम सामने आ रहा है। शनिवार से लापता बच्ची का शव रविवार को जंगल से बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से कुरकुरे और अन्य खाद्य सामग्री जब्त की है, जो इस जघन्य अपराध की ओर इशारा कर रहे हैं। परिजनों के मुताबिक, बच्ची शनिवार से ही गायब थी। परिवारवालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो नाला थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। परिजन आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। इस घटना से पूरे गांव में रोष और भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण प्रशासन से दोषी को जल्द पकड़कर कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा और एसआई हेमकांत ठाकुर ने पुलिस बल के साथ गांव में गहन जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आरोपी के परिजनों और गांव के अन्य लोगों से भी पूछताछ की है। मृत बच्ची जीवनपुर स्कूल में तीसरी कक्षा की छात्रा थी। इस निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने आयोजित किया निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

धनबाद। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद द्वारा बाघमारा प्रखंड के लोहपिटी गांव में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को समय पर जानकारी प्रदान करना था। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत रक्तचाप, रैंडम ब्लड शुगर, नाड़ी गति, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए। साथ ही, कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान के लिए विशेष रूप से स्क्रीनिंग की गई और आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया।असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई जिला स्थापना समिति की बैठक

## समिति द्वारा सेवा संपुष्टि एवं पदोन्नति समेत कई प्रस्ताव को दी गई स्वीकृति

संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्थापना समिति माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सेवा संपुष्टि हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा समीक्षा कर कुल 12 कलर्क, 16 राजस्व उप निरीक्षक, 07 अमीन, 10 अनुसेवक एवं 01 चालक का सेवा संपुष्टि समिति द्वारा किया गया। वही एलडीसी से यूडीसी में 10, यूडीसी से हेड कलर्क में 06 एवं हेड कलर्क से ओएस में कुल 03 लोगों को पदोन्नति समिति द्वारा किया गया। बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीएम राजेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता दिलीप महतो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के बाद धनबाद रेलवे प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

संवाददाता

**धनबाद।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल ही में हुई भगदड़ की घटना के बाद धनबाद रेलवे प्रशासन ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। कुंभ में जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए धनबाद जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। प्रयागराज के लिए जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन समेत अन्य ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे कई यात्री, खासकर आरक्षित टिकट वाले, स्टेशन पर ही छूट जा रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कुंभ स्पेशल ट्रेन के सभी एसी और स्लीपर कोच को जनरल कोच में बदल दिया गया है ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को जगह मिल सके। इस कदम से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अब वे जहां से चाहें ट्रेन में सवार हो सकते हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इससे धनबाद स्टेशन पर भीड़ तो होगी, लेकिन भगदड़ की स्थिति नहीं बनेगी। धनबाद जंक्शन पर हर शिफ्ट में रेलवे पुलिस की तैनाती की गई है। आरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट एसके मिश्रा ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक बोगी के सामने आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या भगदड़ की स्थिति न बने। रविवार को प्रयागराज कुंभ में जाने के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने गंगा सतलज के खाली ट्रैक पर भी कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिली। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लगातार नई योजनाओं पर काम कर रहा है।

## जिला गव्य विकास कार्यालय द्वारा दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

### लाभुकों के बीच किया गया दुधारू मवेशियों का वितरण

संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को जिला गव्य विकास कार्यालय, धनबाद में सेमिनार, समारोह, कार्यशाला, दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लोकहित में सघन रूप से प्रचार-प्रसार एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से चयनित लाभुकों व दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना दो गाय, पांच गाय एवं दस गाय के लाभुकों को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा दुधारू मवेशियों का वितरण किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं स्वरोजगार तथा पलायन को रोकने के उद्देश्य से सेमिनार, समारोह व कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पशुपालकों के बीच व्याख्यान एवं अपने विचार प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध उत्पादन के लागत मूल्यों को कम करने के विषयवस्तु पर एक्सपर्ट के द्वारा पशुपालकों को जानकारी प्रदान की गई है। दुधारू पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी एवं बीमारी से बचाव तथा पशुओं के समुचित ईलाज के बारे में पशु चिकित्सक के द्वारा जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रखण्डों आये हुए पशुपालक अपने विचार भी प्रकट किये। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, मुखिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, धनबाद, इन्चार्ज मिल्क फेडरेशन, सभी प्रखण्डों के पशुपालन पदाधिकारी अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. नेहा को फोग्सी स्व. राय बहादुर डॉ. एस. एन. मल्होत्रा अप्प्रेसिएशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया

संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद की प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० नेहा प्रियदर्शिनी ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। उन्हें फोग्सी स्व० राय बहादुर डॉ० एस. एन. मल्होत्रा अप्प्रेसिएशन अवार्ड 2025 और आईएसएआर स्पेशल अप्प्रेसिएशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देशभर में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चुनिंदा चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है। यह गौरवशाली क्षण मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनोकोलॉजी सोसाइटी के मंच पर आया, जहां 8 से 12 जनवरी 2025 के बीच देशभर के 15 हजार से अधिक चिकित्सक एकत्रित हुए थे। इस भव्य आयोजन में चिकित्सा क्षेत्र के नवीनतम अनुसंधानों, नई शल्य क्रियाओं और दवाओं के आविष्कारों पर चर्चा की गई। देश के प्रमुख विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और चिकित्सा जगत में हो रहे नवाचारों को साझा किया। डॉ० नेहा को यह पुरस्कार ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर उनके द्वारा किए गए विशेष प्रयासों के लिए दिया गया। उन्होंने महिलाओं में खून की कमी की समस्या, किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता और कैंसर जागरूकता अभियान को लेकर कई प्रभावशाली कार्यक्रम चलाए हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक राज्य में केवल एक चिकित्सक को प्रदान किया जाता है और इस वर्ष झारखंड से डॉ० नेहा प्रियदर्शिनी का चयन किया गया। यह उनके अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है, जो उन्होंने महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिया है। डॉ० नेहा की उपलब्धि यहीं तक सीमित नहीं हैं। वर्ष 2024 में भी उन्हें इंडियन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की फेलोशिप से सम्मानित किया गया था, जो इस क्षेत्र में उच्चतम उपलब्धियों में से एक मानी जाती है। इससे पहले, वर्ष 2011 में हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनोकोलॉजी सोसाइटी में भी उन्हें सी एल जावेरी अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

### बांग्लादेशी महिला की ठगी का खेल

## मेडिकल वीजा पर आकर शादी करती, फिर ब्लैकमेल कर लूट लेती थी लाखों रुपए

संवाददाता

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल में एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया गया है, जो मेडिकल वीजा पर भारत आकर युवकों से शादी करती थी और फिर उन्हें घरेलू हिंसा के झूठे केस में फंसाकर ब्लैकमेल करती थी। इस महिला का अपराध करने का तरीका बेहद शातिराना था। वह भारत में आने के बाद पहले युवकों को अपने जाल में फंसाती, फिर शादी करती, और कुछ दिनों के भीतर ही घरेलू हिंसा का आरोप लगाकर उनसे मोटी रकम वसूलती। पुलिस के अनुसार, यह महिला पिछले चार वर्षों में छह बार भारतीय सीमा पार कर चुकी है और अलग-अलग राज्यों में कई पुरुषों से शादी कर चुकी है। हर बार वह अलग पहचान और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके भारत में दाखिल होती थी। उसकी शादियां कभी भी आधिकारिक रूप से दर्ज नहीं होती थीं, जिससे वह आसानी से अगली शादी के लिए खुद को स्वतंत्र दिखा सके। इस महिला ने कोलकाता के अलग-अलग पुलिस थानों में अपने पतियों के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामले दर्ज कराए। पिछले साल अक्टूबर 2024 में उसने एक व्यक्ति पर आरोप लगाया था कि उसने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच ली हैं और उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी दे रहा है। जब पुलिस ने उसकी शिकायत की जांच शुरू की, तो पता चला कि वह पहले भी कई बार इसी तरह के मामले दर्ज करवा चुकी थी। जांच के दौरान पुलिस को संदेह हुआ कि महिला पहले भी इसी तरह के मामलों में लिप्त रही है। जब पुलिस ने उसके पुराने रिकॉर्ड खंगाले, तो पता चला कि यह महिला एक पेशेवर ठग है, जो पुरुषों को अपने मोहपाश में फंसाकर शादी करती है और फिर घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराकर ब्लैकमेल करती है। वह केस वापस लेने के बदले लाखों रुपए वसूलती और फिर किसी नए शिकार की तलाश में लग जाती। महिला का यह पूरा खेल तब उजागर हुआ जब पुलिस ने उसकी पिछली सभी शिकायतों की समीक्षा की।

## झामुमो की राष्ट्रीय राजनीति में एंट्री : बिहार से लेकर बंगाल तक विस्तार की तैयारी

संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो की शानदार जीत के बाद पार्टी अब अपनी छवि को एक क्षेत्रीय दल से राष्ट्रीय पार्टी के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। झामुमो के शीर्ष नेतृत्व ने अब पार्टी के विस्तार की योजना बनाई है, जिसमें दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी हो रही है। इस कड़ी में सबसे पहले झामुमो 13 से 15 अप्रैल तक रांची में अपना महाधिवेशन करने जा रहा है, जिसमें पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और असम की इकाइयों सहित 5000 से अधिक पार्टी प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, और झामुमो इस बार पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए कमर कस चुका है। झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान ही झामुमो ने राजद और कांग्रेस को संकेत दे दिए थे कि बिहार में भी वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। सूत्रों की मानें तो बिहार में कई सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी उतारने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। झामुमो ने बिहार के कुछ जिलों में सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके।झारखंड में मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद झामुमो के हौसले बुलंद हैं और पार्टी अब झारखंड के बाहर भी अपनी पहचान मजबूत करने में जुट गई है। झामुमो ने दिल्ली में अपना पार्टी कार्यालय खोलने की योजना पर काम शुरू कर दिया है, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पकड़ बना सके। पार्टी की रणनीति सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि झामुमो ने पश्चिम बंगाल में भी अपने पांव पसारने की योजना बनाई है। बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं और झामुमो वहां भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। 2021 में जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हुए थे, तब झामुमो ने बंगाल के झारखंड से सटे इलाकों में आदिवासी बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी। लेकिन ममता बनर्जी की नाराजगी के बाद झामुमो को अपने उम्मीदवार वापस लेने पड़े थे। इस बार पार्टी बंगाल में अपनी पूरी ताकत झोंकने के मूड में है। सूत्रों का कहना है कि झामुमो बिहार के सीमावर्ती इलाकों में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। झारखंड में झामुमो सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। हालांकि, राज्य में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा गया था, जिसमें कांग्रेस, राजद और माले भी शामिल थे। झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की 16 सीटें बरकरार रहीं, राजद ने अपनी सीटों में इजाफा किया, और माले ने भी दो सीटों पर जीत दर्ज की। लेकिन सबसे बड़ी सफलता झामुमो को मिली, जिसने 34 सीटें जीतकर झारखंड की राजनीति में अपनी मजबूत स्थिति बना ली। इस जीत ने झामुमो को इतना आत्मविश्वास दिया कि अब वह खुद को राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित करने की कोशिश में जुट गया है। झामुमो ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जिन सीटों पर लड़ना है, उनका लगभग चयन कर लिया है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, समय आने पर इन सीटों की घोषणा की जाएगी। झारखंड में 2024 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को अब तक की सबसे बड़ी जीत मिली है, और यह पहली बार हुआ है जब पार्टी को इतनी अधिक सीटें मिली हैं। इस जीत के बाद झामुमो अब झारखंड की सीमा से बाहर निकलकर राष्ट्रीय राजनीति में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है।

## आईआईटी क्लास ऑफ 1985 का रूबी जुबली रीयूनियन का आयोजन

संवाददाता



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद का परिसर 14 से 16 फरवरी 2025 के बीच नॉस्टेल्जिया और भावनाओं से भर उठा जब संस्थान के क्लास ऑफ 1985 के पूर्व छात्र अपनी 40 वीं ग्रेजुएशन एनिवर्सरी मनाने के लिए अपने आल्मा मेटर लौटे। यह आयोजन न केवल पुराने दोस्तों से मिलने और गुजरे पलों को याद करने का अवसर था, बल्कि संस्थान के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करने का भी एक सुनहरा मौका था। इस यादगार कार्यक्रम की शुरूआत एसोसिएट डीन इंटरनेशनल रिलेशंस और एलुमनाई अफेयर्स प्रो० तन्मय माइती के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने एलुमनाई की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए ड्रीम टुगेदर, बिल्ड टुगेदर की भावना को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी से संस्थान के सेंटेनरी सेलिब्रेशन में सक्रिय भागीदारी निभाने और आगामी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने का आग्रह किया।इस दौरान, जब डिप्टी डायरेक्टर प्रो० धीरज कुमार के साथ हेरिटेज बिल्डिंग और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के सामने समूह फोटो ली गई, तो यह दृश्य किसी इतिहास के अमूल्य क्षण से कम नहीं था। इन इमारतों ने इन पूर्व छात्रों के संघर्ष, सपने और सफलता के सफर को करीब से देखा है। जब वे विद्यार्थी थे, तब इन्हीं गलियों में उन्होंने अनगिनत सपने बुने थे और आज वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिष्ठित प्रोफेशनल्स बन चुके हैं। इस रीयूनियन को और भी यादगार बनाने के लिए एलुमनाई ने अपने पुराने ठिकानों का दौरा किया। उन्होंने जियोलॉजिकल म्यूजियम, डायमंड हॉस्टल, रामधनी टी स्टॉल और लाइब्रेरी जैसी जगहों पर जाकर अपने छात्र जीवन की मीठी यादों को ताजा किया। रामधनी टी स्टॉल, जहां कभी अनगिनत चचाएं हुआ करती थीं, अब भी उतना ही जीवंत लगा। छात्र जीवन के रोमांच को फिर से जीने के लिए सभी ने मैथन डैम की यात्रा भी की, जहां वे अपने पुराने साहसिक कारनामों को याद करते हुए नई यादें संजोने में व्यस्त दिखे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे के साथ भावनात्मक पल साझा किए और अपने सुनहरे दिनों की स्मृतियों को फिर से जीने का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान असिस्टेंट रजिस्ट्रार, मृत्युंजय शर्मा ने संस्थान के सेंटेनरी सेलिब्रेशन की दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने शताब्दी लाइफटाइम एलुमनाई कार्ड और शताब्दी सम्मान संकल्प पहल की जानकारी दी, जिसका उद्देश्य संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच संबंध को और मजबूत करना है। इस पहल के तहत एलुमनाई से संस्थान के लिए एंडोमेंट्स स्थापित करने का अनुरोध किया गया, ताकि आने वाले वर्षों तक छात्र और फैकल्टी को निरंतर सहयोग मिलता रहे। यह आयोजन इसलिए भी खास बन गया क्योंकि यह वार्षिक एलुमनाई मीट बसंत 2025 (1-2 फरवरी) के कुछ ही दिनों बाद आयोजित हुआ था, जिसमें क्लास ऑफ 1975 ने गोल्डन जुबली और क्लास ऑफ 2000 ने सिल्वर जुबली का उत्सव मनाया। इस प्रकार, यह आयोजन विभिन्न पीढ़ियों के एलुमनाई के बीच संवाद और संबंध को और प्रगाढ़ करने का माध्यम बना। जब यह पुनर्मिलन समाप्त हुआ, तो क्लास ऑफ 1985 के सदस्य कृतज्ञता और उत्साह से भरे हुए थे। वे सिर्फ यादें लेकर नहीं लौटे, बल्कि अपने प्रिय संस्थान को कुछ वापस देने की नई प्रतिबद्धता के साथ विदा हुए। यह रीयूनियन केवल अतीत को संजोने तक सीमित नहीं था, बल्कि भविष्य को और बेहतर बनाने की दिशा में एक नया कदम भी था।

## रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़, रेलवे ने रात 9:50 बजे चलाई कुंभ स्पेशल ट्रेन

संवाददाता

**धनबाद।** प्रयागराज में महाकुंभ के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए धनबाद रेलवे स्टेशन पर यातायात नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। रविवार को धनबाद रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की इतनी अधिक भीड़ थी कि स्टेशन के बाहर से लेकर प्लेटफॉर्म तक लोगों का तांता लगा हुआ था। स्थिति को संभालने के लिए रेलवे ने तत्काल एक और कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की। रेलवे ने रात 9:00 बजे इस विशेष ट्रेन के संचालन की घोषणा की, जिसके बाद 9:20 बजे इसे प्लेटफॉर्म पर लाया गया। ट्रेन को 9:50 बजे धनबाद स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और स्काउट एंड गाइड की टीम तैनात रही। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से पहले ही आरपीएफ लगातार अनाउंसमेंट कर रही थी, ताकि यात्री व्यवस्थित रूप से चढ़ सकें। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची, श्रद्धालुओं में उसमें सवार होने की होड़ मच गई। धनबाद से रवाना हुई कुंभ स्पेशल ट्रेन पूरी तरह भरी हुई थी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को अधिक सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किया है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सुरक्षा व्यवस्था और ट्रेनों के संचालन पर वरिष्ठ अधिकारियों की लगातार नजर बनी हुई है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें**
**- वाल्टेयर**

## यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट चुनौतियां और असर

संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच बदलती गतिशीलता का इक्कीसवीं सदी में दुनिया के संगठित होने के तरीके पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इस साझेदारी की क्षमता को पूरी तरह से साकार करने के लिए, दोनों सरकारों को रणनीतिक बहुपक्षीय सम्बंधों, अर्थशास्त्र और रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। मौजूदा हालात अमेरिका-भारत सम्बंधों के दीर्घकालिक विकास के पक्ष में हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों को भी स्वीकार करने के लिए तैयार है।


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प जूनियर ने 13 फरवरी, 2025 को वाशिंगटन डीसी में भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आधिकारिक कार्य यात्रा के लिए स्वागत किया। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र और गतिशील लोकतंत्रों के नेताओं के रूप में भारत-अमेरिका साझेदारी की ताकत की पुष्टि की, जो स्वतंत्रता, मानवाधिकार, कानून और बहुलवाद का सम्मान करते हैं। आपसी विश्वास, साझा हित, सद्भावना और सक्रिय नागरिक भागीदारी इस व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की नींव के रूप में काम करते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने यू.एस. इंडिया कॉम्पैक्ट नामक एक बिल्कुल नया कार्यक्रम पेश किया, जिसका अर्थ है सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना, जिसका उद्देश्य इक्कीसवीं सदी में सहयोग के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांति लाना है। रणनीतिक और आर्थिक वातावरण लगातार अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों द्वारा नया रूप ले रहे हैं। कई क्षेत्रों में, भारत के बढ़ते नवाचार और अमेरिका की तकनीकी श्रेष्ठता एक दूसरे से मिलती है। भारत को $45 बिलियन के अधिशेष से लाभ होने के साथ, द्विपक्षीय व्यापार $118 बिलियन से ऊपर चला गया। प्रगतिशील आर्थिक सम्बंधों के माध्यम से, यह साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नया रूप देती है, सुरक्षा में सुधार करती है और आपसी विकास को बढ़ावा देती है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सभी में वृद्धि हुई है।

संचार संगतता और सुरक्षा समझौता और बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट जैसे महत्त्वपूर्ण समझौते, जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रक्षा रसद में घनिष्ठ सहयोग की गारंटी देते हैं, पर अमेरिका और भारत ने हस्ताक्षर किए हैं। लक्षित सैन्य अभियानों के लिए भारत को अमेरिकी भू-स्थानिक खुफिया जानकारी तक पहुँच प्रदान करके, 2020 बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट समझौते ने हिंद महासागर क्षेत्र में स्थितिजन्य जागरूकता में सुधार किया। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल जैसी पहलों ने सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में सहयोग को मजबूत किया है। भारत और माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने 2.75 बिलियन डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने के लिए मिलकर काम किया, जो आपूर्ति शृंखला के लचीलेपन को बढ़ाएगा। अमेरिकी हाइड्रोकार्बन के एक महत्त्वपूर्ण आयातक के रूप में, भारत हरित ऊर्जा स्त्रोतों पर स्विच करने में सहायता करता है। तेल आयात के मामले में, संयुक्त राज्य अमेरिका 2024 में 413.61 मिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर रहा। लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएँ, विशेष रूप से आवश्यक वस्तुओं के लिए, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के दोनों देशों के प्रयासों का लक्ष्य हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका क्वाड राष्ट्रों का हिस्सा हैं। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता में मुख्य बाधा टैरिफ विवाद है। भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं, विशेष रूप से कृषि और तकनीकी क्षेत्रों पर उच्च टैरिफ लगाए जाने से व्यापार संतुलन प्रभावित होता है और वार्ता अक्सर बाधित होती है।

मादक पेय पदार्थों पर भारत द्वारा लगाए गए 150 प्रतिशत टैरिफ ने अमेरिकी निर्यातकों की बाजारों तक पहुँच को प्रतिबंधित करने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। भारत में जेनेरिक दवा उद्योग सुलभ दवा की गारंटी के लिए अधिक संतुलित रणनीति का पक्षधर है, जबकि अमेरिका मजबूत बौद्धिक संपदा सुरक्षा चाहता है। बौद्धिक संपदा सुरक्षा के बारे में चिंताओं के कारण अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को अपनी प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा। ई-कॉमर्स विनियमों और प्रस्तावित डेटा स्थानीयकरण कानूनों पर भारत की अलग-अलग स्थिति अमेरिकी हितों के विपरीत है। गूगल और अमेजन जैसे अमेरिकी निगमों द्वारा इस बारे में चिंता व्यक्त की गई थी कि भारत का व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक सीमा पार डेटा प्रवाह को कैसे सीमित करेगा। अमेरिका और भारत के बीच $45 बिलियन का व्यापार घाटा बाजार पहुँच बढ़ाने और टैरिफ कम करने के लिए अमेरिकी दबाव को प्रेरित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने घुटने के प्रत्यारोपण और स्टेंट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर कम टैरिफ का अनुरोध करके व्यापार असंतुलन को कम करने की मांग की। भारत के फाइटोसैनिटरी नियम जो अमेरिकी कृषि उत्पादों को प्रतिबंधित करते हैं, इस क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार के विस्तार में बाधा डालते हैं। चूंकि व्यापार वार्ता ने रक्त भोजन युक्त पशु आहार के मुद्दे को हल नहीं किया है, इसलिए भारत ने अमेरिकी डेयरी आयात को प्रतिबंधित कर दिया है।

एलएनजी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग अमेरिका की एक प्रमुख उत्पादक के रूप में स्थिति और भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के कारण संभव हुआ है। उदाहरण के लिए, इस तरह की साझेदारी भारत को ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस के अनुपात को मौजूदा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण का 15 प्रतिशत करने के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेगी।

# महाकुंभ : पुण्य की डुबकी या अधर्म की अफरा तफरी?


कनक लता राय

सर्वप्रथम मैं बता दूँ कि न ही मुझे हिन्दू तीर्थस्थलों से कोई विरोध है और न ही कुंभ स्नान के महत्व और लाभ से मैं अनभिज्ञ हूँ। मैं भी कुंभ में स्नान करना चाहती थी। लेकिन अब मन ने इस भाव को कई व्यक्तिगत कारणों से स्थगित कर दिया। गोस्वामी तुलसीदास रामचरितमानस में लिखते हैं कि भारद्वाज मुनि प्रयाग में बसते हैं, उनका श्री रामजी के चरणों में अत्यंत प्रेम है। वे तपस्वी, निगृहीत चित्त, जितेंद्रिय, दया के निधान और परमार्थ के मार्ग में बड़े हीं चतुर हैं। उस प्रयाग राज में माघ में जब सूर्य मकर राशि पर जाते हैं, तब सब लोग तीर्थराज प्रयाग को आते हैं। देवता, दैत्य, किन्नर और मनुष्यों के समूह सब आदरपूर्वक त्रिवेणी में स्नान करते हैं। तीर्थराज प्रयाग में जो स्नान करने जाते हैं, उन ऋषि-मुनियों का समाज वहां बजा मुनि के आश्रम में जुटता है। प्रातःकाल सब उत्साहपूर्वक स्नान करते हैं और फिर परस्पर भगवान के गुणों की कथाएं कहते हैं। ब्रह्म का निरूपण, धर्म का विधान और तत्त्वों के विभाग का वर्णन करते हैं तथा ज्ञान-वैराग्य से युक्त भगवान की भक्ति का कथन करते हैं। इसी प्रकार माघ में महीने भर स्नान करते हैं और फिर सब अपने-अपने आश्रमों को चले जाते हैं। हर साल वहां इसी तरह बड़ा आनंद होता है। मकर में स्नान करके मुनि गण चले जाते हैं। एक बार पूरे मकर स्नान करके जब सभी मुनि चले गए तो ऋषि याज्ञवल्क्य वहां रुक गए। फिर भारद्वाज मुनि से उन्होंने राम की कथा को सुनने के लिए बड़े ही सुन्दर ढंग से आग्रह और अनुरोध किया।फिर भारद्वाज मुनि ने भक्तियोग के साथ रामकथा को प्रयाग राज में ही ऋषि याज्ञवल्क्य को सुनाया। मेरे कहने का मतलब है कि प्रयाग की धरती ज्ञान-वैराग्य और भक्ति की धरती है। वहां के कुंभ का भी महत्व इसलिए है कि वहां ज्ञानीजन और तपस्वी मुनिगण कल्पवास करते हैं और धर्म की विशद चर्चा करते हुए उसका आचरण करते हैं।



हमारे यहां तीर्थ यात्रा का भी फल मिलता है, मगर विचारणीय है कि कैसी तीर्थयात्रा? अगर हम महीने भर नहीं नहाए और कुछ दिनों तक शरीर पर इत्र लगाएं या छिड़के तो क्या शरीर की दुर्गंध दूर हो जाएगी? शरीर में इकट्ठी महीनों की गंदगी दूर हो जाएगी? क्या जो महीनों से भूखा हो और उसे एक दिन छप्पन भोग खिला दिया जाय तो क्या उसके भूत-भविष्य की भूख मिट जाएगी और क्या वह एक दिन खाकर ताकतवर बन जाएगा? क्या जिसने पूरे वर्ष किताब को हाथ न लगाया हो परीक्षा की रात पढ़कर वह उत्तीर्ण हो जाएगा? फिर, हमलोगों को कैसे लगता है कि हम क्रोध, ईर्ष्या, लालच,ठगी ,बेईमानी और दूसरों का शोषण करने का अभ्यास करके तीर्थयात्रा पर जाकर या कुंभ स्नान करके पुण्यात्मा बन जाएंगे? हमलोग किसको मूर्ख बना रहे और किसको धोखा दे रहें हैं, खुद को या ईश्वर को? हमारे यहां तीर्थ तीन प्रकार के माने जाते हैं स्थावर तीर्थ, जंगम तीर्थ आत्मतीर्थ या अन्तर्जगत तीर्थ। स्थावर तीर्थ का मतलब है चार धाम, काशी, अयोध्या आदि, जो स्थान विशेष हैं। वह तीर्थ जो चलायमान है जो कि पूर्णरूपेण संतों की संगति को परिभाषित करता है वह है जंगम तीर्थ। मतलब कि सच्चे संत-सद्गुरु चलते-फिरते तीर्थ हैं जो जनमानस को 'आत्मतीर्थ' प्रदान करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के बालकांड में लिखा है कि

*'मुद मंगलमय संत समाजू।*
*जो जग जंगम तीरथ राजू।।*

तीसरे प्रकार का तीर्थ है 'आत्मतीर्थ' जो सद्गुरुओं द्वारा आत्मज्ञान पाकर ही हो पाता है। दत्तात्रेय जी जबालदर्शनोपनिषद (4/53) में ऋषियों को समझाते हुए कहते हैं कि--'बहिस्तीर्थात्परं तीर्थमन्तस्तीर्थं---निरर्थकम्।।'

अर्थात् हे वत्स ! बाह्य जगत के तीर्थों की तुलना में अन्तः तीर्थ अति उत्तम है। यह ही महातीर्थ है इसकी तुलना किसी तीर्थ से नहीं की जा सकती यह श्रेष्ठ है। आप जिस आश्रम में है वहां के कर्म अच्छे तरीके से संपादित करना ही आपका धर्म है। गृहस्थ आश्रम में आपका प्रेम, समर्पण त्याग और ईमानदारी ही पवित्र यज्ञ की समिधा है। आपका तीर्थ आपकी प्रेमभरी गृहस्थी है जिसमें आप प्रसन्नचित होकर डुबकी लगाते हैं। हम कहां हैं और इस जन्म में हमारे हिस्से के कर्म क्या है यह समझना होगा। हमारे अन्तर्जगत को ही सर्वश्रेष्ठ तीर्थ कहा गया है। इसके लिए ध्यान, साधना, भक्ति और चित्त की शुद्धि आदि आवश्यक है और तभी हम अपने कर्मों का परिमार्जन कर सकते हैं। अगर पापकर्मों से छुटकारा पाना है तो उसके लिए सद्कर्म करना होगा और अपने कर्मों को सहेजना होगा न कि डुबकी लगाने से मुक्ति मिलेगी। अब हम बात करेंगे इस वर्ष के प्रयागराज के महाकुंभ की जिसमें नहाने के लिए गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। मेरे उपरोक्त वाक्य सहस्त्र नहीं हैं लेकिन जो हालात हैं उसे आप क्या कहेंगे? हम सभी सबसे आसान रास्ता जीवन को जीने के लिए चाहते ही हैं लेकिन हमारी मूर्खता की पराकाष्ठा ऐसी कि धर्म और अध्यात्म को भी हम वैसे ही चाहते और देखते हैं। यह बात सही है कि भारत धार्मिक और आस्थावानों का देश है लेकिन जो रोज घट रहा है वह कैसी आस्था को परिभाषित कर रहा है,यह तो विचारणीय है। कभी कुंभ के अन्दर मची भगदड़ पर लोगों की जान जा रही है तो कभी रेलवे-स्टेशन पर जाने जा रहीं हैं तो कहीं घंटों जाम में फंसे लोग गुहार कर रहें हैं। जिनके पास टिकट है वो ट्रेन पर नहीं चढ़ पा रहें हैं तो कहीं रेलवे की खिड़की के शीशे तोड़े जा रहें हैं। ऐसा लग रहा है पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल है। सोशल साइट्स ऐसी चीजों से भरे पड़े हैं जहां कुंभ की महत्ता गौण है बस उल्टे-सीधे पोस्ट देखने को मिल रहें हैं। सरकार अपनी पीठ इस बात को लेकर थपथपा रही है कि राजस्व मुद्राकोष में ग्राफ बढ़ा है तो विदेशों में भी साख बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर सरकार का विपक्षी खेमा ताक लगाए बैठा है कि जैसे ही कोई अनहोनी हो या कोई दुर्घटना तो सरकार को घेरे और कटघरे में खड़ा करें। कुलमिलाकर महाकुंभ का मूल उद्देश्य गौण है।महाकुंभ आध्यात्मिक लोगों के मिलने का और उनके ज्ञान और ऊर्जा से प्लावित होने का स्थान है। शास्त्रों में इसके महत्व का विशद वर्णन है। हमारे देश के तपस्वी और ऋषि मुनि हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं। प्रयागराज जैसे स्थान इनके आगमन से ऊर्जस्वित होता है। इसलिए हमलोग जब कभी त्रिवेणी स्नान करते हैं तो हमारे मन में ऊर्जा का अनुभव होता है। महीनों भर रहने वाले कल्पवासी अपने सतोगुण मनोवृति से पूजा-पाठ, हवनादि करके उस क्षेत्र की सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ा देते हैं इसलिए वैसे लोगों का ही वहां प्रथम अधिकार है और हमलोग क्या कर रहें हैं एक-दूसरे की लाशों पर चढ़कर पुण्य कमाना चाहते हैं। जीवनभर के कुकर्म और पापों को एक डुबकी से धोना चाहते हैं। जो दृश्य सामने आ रहा है उसे देखकर तो अधार्मिक व्यक्ति शरमा जाय। ये कैसा धर्म और पुण्य पाने की इच्छा है कि हम सरकारी सम्पत्ति का तो नुकसान कर ही रहे हैं और किसी अनुशासन को नहीं मान रहे हैं। औरतों और बच्चों को दबोचते हुए ट्रेन में चढ़ रहें है। कोई रो रहा है, सहायता के लिए चिल्ला रहा है लेकिन कोई आगे नहीं आ रहा है। सबको पुण्य कमाने और पाप धोने की होड़ है। हमारे शास्त्रों में ही दधीचि ऋषि की कहानी आती है कि कैसे वृत्रासुर जैसे राक्षस के वध के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग कर दिया। ताकि देवजन को त्रासद से मुक्ति मिले।

हमारे अठारहों पुराण का सार है- 'परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्।' अर्थात् दूसरों पर उपकार ही पुण्य है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही पाप है। हिन्दू संस्कृति हो या सनातन धर्म इसकी रक्षा बेबुनियाद बातों और राजनीति या राजनेताओं से नहीं होगी बल्कि समझ और जानकारी से होगी। समझ और जानकारी अपने ग्रंथों को पढ़कर प्राप्त ज्ञान से होगी। अतः धर्म को समझकर धारण करें तो आपकी और धर्म की दोनों की रक्षा हो जाएगी।

# पुरुषार्थ से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है

**डॉ. लोकेश कुमार**

**रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर विशेष**



स्वामी विवेकानंद ने गुरु रामकृष्ण परमहंस से एक बार पूछा, 'आपने ईश्वर को देखा है?' परमहंस ने जवाब दिया, 'हाँ, मैंने ईश्वर का दर्शन किया है, जैसे वे दूसरों को देखते हैं, बल्कि और भी स्पष्ट रूप से।' ऐसे थे गुरु रामकृष्ण परमहंस। उनका जन्म 18 फरवरी, 1836 को बंगाल के कामारपुर में हुआ था। माना जाता है कि उनके दिए हुए ज्ञान का ही स्वामी विवेकानंद ने विश्व भर में प्रचार-प्रसार किया था। परमहंस 23 साल की आयु में कोलकाता के रानी रासमणि मंदिर के पुरोहित पद पर आसीन हुए थे। वे जीवनभर माँ काली की पूजा-अर्चना में संलग्न रहे।

मंदिर की सेवा में लीन, वे सादा जीवन, उच्च विचार रखते थे। उनका मानना था कि जब ईश्वर की कृपा हो जाए, तो दुनिया के दुख-दर्द नहीं रहते हैं। यदि हम ईश्वर से मिली हुई शक्ति का दुरुपयोग करेंगे, तो वह वापस अपनी शक्तियाँ छीन लेगा। पुरुषार्थ से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

एक बार वे अपने परम भक्त मधुरदास विश्वास के साथ वृंदावन, वाराणसी और काशी विश्वेश्वर की यात्रा पर रेल से निकले। यात्रा के दौरान बिहार के वर्धमान गाँव में रुके। उस समय बिहार अकाल की भयंकर चपेट में था। अन्न और जल दोनों की कमी थी। जनता दुख और कष्टों से बेहाल थी। करुणामय रामकृष्ण परमहंस यह स्थिति देखकर व्यथित हो गए। उन्होंने अपने साथी मधुरदास से कहा, 'देखो, भारत माँ की संतानें कैसी दीन और हीन भाव से ग्रस्त हैं। आप इन दरिद्रनारायण के भरपेट भोजन की व्यवस्था करो, तभी मैं यहाँ से आगे जाऊंगा। मैं इन्हें तड़पते-बिलखते नहीं छोड़ सकता।' यह कहने के साथ ही उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। मधुरदास कोलकाता गए और उनके लिए भोजन व राशन की व्यवस्था की। उनके इस असीम प्रेम से उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान की लहर दौड़ गई। इसके बाद ही परमहंस ने आगे की यात्रा पूरी की।

एक बार रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से कहा कि ईश्वर एक है, उस तक पहुँचने के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि सभी धर्मों का लक्ष्य एक ही है झ्र ईश्वर तक पहुँचना। भक्ति के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। यह सुनकर एक शिष्य ने कहा, 'हम यह कैसे मान लें कि सभी रास्ते सत्य हैं?' इस पर उन्होंने शिष्य को समझाते हुए कहा, 'किसी अनजाने घर की छत पर पहुँचना कठिन है। छत पर पहुँचने के लिए हम सीढ़ी, रस्सी या बांस का सहारा लेंगे। छत पर पहुँचने के बाद हमें पता चलेगा कि हम सबका लक्ष्य एक ही था, लेकिन पहुँचने के तरीके अलग-अलग थे। हमें भक्ति करते समय किसी एक मार्ग को दृढ़तापूर्वक अपनाना चाहिए और अलग-अलग रास्ते देखकर भटकना नहीं चाहिए, क्योंकि सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है।'

परमहंस विवेकानंद को समझाया करते थे कि समाज की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। चारों ओर भूख, रोग, अशिक्षा और अज्ञानता फैली हुई है। हिमालय में तपस्या करने से बेहतर है कि वे इन समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद करें। स्वामी विवेकानंद ने कठोर तपस्या करने के स्थान पर समाज की सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया।

रामकृष्ण परमहंस का गुरु के बारे में मानना था कि संत बुरे व्यक्तियों में भी उनके अंदर की अच्छाइयों को ढूँढ़ निकालते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह किसी से बैर न रखे और हर चीज में अच्छाइयों को खोजे। अहंकार ही असली रूप में माया है। इस अहंकार को त्याग देना चाहिए। अहंकार को त्यागकर ही मानव अपने लक्ष्य तक पहुँच सकता है।

उनका कहना था कि मानव को निःस्वार्थ भाव से सेवा और मदद करनी चाहिए, भले ही सामने वाला उसका साथ दे या न दे। वे उदाहरण देकर समझाते थे कि यदि हम नदी में गोता लगाते हैं और हमें पहली बार में मोती नहीं मिलता, तो इसका मतलब यह नहीं कि समुद्र में मोती नहीं हैं। वे यह बताना चाहते थे कि मनुष्य को जीवन में प्रयास करते रहना चाहिए। भले ही पहली बार में सफलता हाथ न लगे, परंतु इसका अर्थ यह नहीं कि सफलता मिलेगी ही नहीं।

परमहंस कहा करते थे, 'व्यक्ति का मन ही उसे गुलाम, बादशाह, ज्ञानी और अज्ञानी बनाता है। इसलिए व्यक्ति को अपने मन को नियंत्रित करके अपना मार्ग सुगम बनाना चाहिए।' वे कहा करते थे कि व्यक्ति देखने में अलग-अलग हो सकते हैं झ्र कोई गोरा, कोई काला, कोई क्रूर। लेकिन सभी में ईश्वर का तत्व मौजूद है। इसलिए सभी में ईश्वर की छवि देखनी चाहिए।

मनुष्य को अपने जीवन में त्याग की भावना रखकर यापन करना चाहिए। उनका कहना था कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। व्यक्ति को इस सच्चाई को पहले ही स्वीकार कर लेना चाहिए, अन्यथा उसे अपनी चीजें खोने का दर्द हमेशा सताता रहेगा।

गुरु रामकृष्ण का आदर्श वाक्य है - 'शिव ज्ञाने जीव सेव', जिसका अर्थ है कि 'मनुष्य की सेवा ही भगवान की पूजा है।'

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वातार्कार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वाताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

## आज का राशिफल

**मेष** - कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**वृष** - शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** - शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क** - रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह** - समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या** - आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला** - निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृश्चिक** - घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी।

**धनु** - चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मकर** - थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कुंभ** - कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन** - प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### महागठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

**हजारीबाग।** जिले में महागठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, सीपीआई एम के गणेश वर्मा, सीटू के लालबिहारी सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, परवेज अहमद और अनिल भुइया सहित अन्य नेता भी शामिल थे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने जिले में बढ़ते अपराध, हजारीबाग के भवन प्रमंडल में टेंडर घोटाले, जिला परिषद के भवन में अवैध रूप से चल रहे आरोग्यं हॉस्पिटल, बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र में कोयला ढुलाई के खिलाफ तथा निजी स्कूलों और अस्पतालों द्वारा फीस में बढ़ोतरी पर सवाल उठाए। उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन सभी मुद्दों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है और सकारात्मक परिणाम जल्द देखने को मिलेंगे।

### विभावि शिक्षाशास्त्र विभाग को दान में मिलीं 26 अनमोल पुस्तकें

**हजारीबाग।** विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग के अंतर्गत सत्र 2021-23 के छात्र मनोरंजन की असामयिक मृत्यु के उपरांत उनके परिवार के सदस्यों ने उनकी संग्रहित 26 पुस्तकों को एम एड विभाग को दान किया। यह पुस्तकों को दान करना दिवंगत छात्र की अंतिम इच्छा थी, जिसे उसकी बहन ममता प्रमाणिक ने पूरी की। 17 फरवरी 2025 को शिक्षा शास्त्र विभाग के पुस्तकालय में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ममता प्रमाणिक ने इन पुस्तकों को विभाग को दान किया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षकों ने दिवंगत छात्र की शालीनता और प्रतिभा को याद करते हुए कहा कि छात्र की अंतिम इच्छा ने समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ. के के गुप्ता, विभागाध्यक्ष डॉ. मो मंसूर आलम फाकरी, उपाध्यक्ष डॉ. अमिता कुमारी, सचिव डॉ. सन्नी कुमार मेहता और अन्य विभागीय सदस्य इस समारोह में मौजूद थे। इस पहल को शिक्षा शास्त्र विभाग और पूर्ववर्ती छात्र संघ ने सराहा और ममता प्रमाणिक को एक सम्मान पत्र प्रदान किया।

### मच्छरों का आतंक, नगर निगम की उदासीनता से स्वास्थ्य संकट

**हजारीबाग।** शहर में गर्मी की शुरूआत होते ही मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है, लेकिन नगर निगम की ओर से मच्छरों के नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। फॉगिंग या ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव जैसे उपायों की कमी से मच्छरों की संख्या में वृद्धि हो रही है, और इसके कारण डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से बच्चों में इन बीमारियों के फैलने की संभावना अधिक है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम केवल टैक्स वसूली में सक्रिय है, लेकिन स्वास्थ्य और स्वच्छता के मामलों में किसी भी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। पिछले वर्षों में भी मच्छरों के प्रकोप के कारण कई लोग बीमार पड़े थे, लेकिन इस बार भी स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। जलजमाव और गंदगी के कारण मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। नालियों की सफाई न होने से पानी रुकता है, जिससे मच्छरों के प्रजनन स्थल तैयार होते हैं। नागरिकों ने नगर निगम से बार-बार फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और नालियों की सफाई बेहद जरूरी है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि वे तत्काल कदम उठाएं, ताकि मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके और शहर के नागरिकों को स्वास्थ्य संकट से बचाया जा सके।

### विश्वविद्यालय शुल्क बढ़ोतरी को अविलंब वापस लिया जाय : एआईडीएसओ

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा संचालित सभी स्नातक, पीएचडी, वोकेशनल और प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के पंजीयन शुल्क, परीक्षा शुल्क, प्रोविजनल, माइग्रेशन, मूल डिग्री और अन्य दस्तावेजों के शुल्क में बढ़ोतरी करने के खिलाफ छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेश ने विरोध किया है। एआईडीएसओ के जिला अध्यक्ष जीवन कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क बढ़ोतरी का यह निर्णय छात्रों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला है। खासकर ग्रामीण और गरीब परिवारों से आने वाले छात्रों के लिए यह अत्यधिक परेशानी का कारण बनेगा, जो पहले ही सीमित संसाधनों में अपनी पढ़ाई पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र संगठन हमेशा से ही शिक्षण संस्थानों में शुल्क वृद्धि के खिलाफ आंदोलन करता आया है, और यदि यह शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली जाती है, तो विश्वविद्यालय परिसर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय छात्रों के हित में नहीं है, और एआईडीएसओ ने विश्वविद्यालय प्रशासन से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की अपील की है।

## हजारीबाग में शहीद करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि, प्रमुख स्थलों का नामकरण

# कार्यक्रम में संजय सेठ व प्रदीप प्रसाद हुए शामिल





**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा सभागार में शहीद करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में सिख समुदाय के लोग, शहीद के परिजन और शहरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह आयोजन शहीद करमजीत सिंह बक्शी की वीरता और उनके बलिदान को सम्मानित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद करमजीत सिंह बक्शी के परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि उनका बलिदान हमारे राज्य और देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शहीद की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि उनका शौर्य न केवल हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनका योगदान हमें हमेशा प्रेरित करेगा। संजय सेठ ने यह भी कहा कि वह इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के साथ हैं और उनकी मदद के लिए सदैव तत्पर हैं। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय के आग्रह पर शहीद करमजीत सिंह के योगदान को याद रखने और उनका सम्मान करने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि शहीद करमजीत सिंह बक्शी के निवास स्थान, जो कि जुलु पार्क हॉली क्रॉस रोड पर स्थित है, अब उसे 'शहीद करमजीत सिंह मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव जल्द ही एक से दो दिनों के अंदर किया जाएगा और वहां नया बोर्ड लगाया जाएगा। इसके साथ ही विधायक ने यह भी कहा कि हजारीबाग के प्रमुख स्थल पगोड़ा चौक का नाम अब 'शहीद करमजीत सिंह चौक' रखा जाएगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित मंत्री और सचिव से वार्ता की है और उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही नया बोर्ड वहां भी लगाया जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम शहीद करमजीत सिंह जैसे वीर व्यक्तित्व को सम्मान दे पा रहे हैं। उनका योगदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा और यह नामकरण उनके प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय शहीदों के योगदान को सदैव याद रखने और उन्हें सम्मान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।कार्यक्रम के अंत में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद करमजीत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों से मिलकर दुख की इस घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। इस आयोजन से यह संदेश गया कि शहीदों के सम्मान में कोई भी प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। राज्य और स्थानीय नेताओं ने अपने दृढ़ संकल्प और समर्पण से यह सुनिश्चित किया कि शहीदों के योगदान को हमेशा याद रखा जाए और आने वाली पीढ़ी उनके बलिदान से प्रेरणा प्राप्त करे।

## विस्थापित परिवारों का पुनर्वास व मूलभूत सुविधाओं की कमी पर नाराजगी



**संवाददाता**

**बड़कागांव।** झारखंड के बड़कागांव क्षेत्र में स्थित एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के तहत विस्थापित हुए परिवारों की स्थिति पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इन परिवारों ने पुनर्वास कॉलोनी में सुविधाओं की भारी कमी का आरोप लगाया है और इसकी वजह से उनके जीवन यापन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। विस्थापित परिवारों का कहना है कि उनके लिए कॉलोनी में कोई उचित शिक्षा व्यवस्था नहीं है और स्वास्थ्य सेवाएं भी न के बराबर हैं। कॉलोनी में शमशान घाट, तालाब, छठ घाट और सामुदायिक हॉल जैसी आवश्यक सुविधाओं की भी कमी महसूस की जा रही है। कई कॉलोनियों में तो पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं की गई है, और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी सुचारू रूप से काम नहीं कर रही हैं। इसके अलावा, कॉलोनी में स्थापित स्कूल और अस्पताल भवनों का उपयोग सुरक्षा बलों द्वारा किया जा रहा है, जिससे वहां रहने वाले परिवारों के बच्चे शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह गए हैं। इन परिवारों ने एनटीपीसी से जमीन की रजिस्ट्री, पहचान पत्र, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। परिवारों ने चेतावनी दी है कि यदि इन आवश्यक सुविधाओं को जल्द नहीं प्रदान किया गया, तो वे बड़े कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।

## जीएम महाविद्यालय ईचाक के विद्यार्थी ग्रामीण सर्वेक्षण के लिए रवाना

**इचाक।** जीएम महाविद्यालय ईचाक के भूगोल समसत्र 4 के विद्यार्थियों ने अपनी प्रायोगिक परीक्षा के लिए ग्रामीण सर्वेक्षण यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा ईचाक प्रखंड के विभिन्न गांवों में की जाएगी, जिसमें हदारी, असिया, खुटरा, हुटपा, रूद, मेरु, गदोखर, डुमरौन, कालाद्वार, फफूंदी और दरिया जैसे गांव शामिल हैं। विद्यार्थी इन गांवों का भौगोलिक सर्वेक्षण करेंगे और उसकी रिपोर्ट तैयार कर अपनी प्रायोगिक परीक्षा में प्रस्तुत करेंगे। महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस महत्वपूर्ण कार्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सर्वेक्षण से उन गांवों की वास्तविक जानकारी मिलती है, जिसे बाद में उन गांवों के विकास की योजना बनाने में मदद मिलती है। महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने भी इस सर्वेक्षण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि भूगोल का अध्ययन केवल कक्षा में बैठकर नहीं, बल्कि धरातल पर जाकर किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को इस सर्वेक्षण से गुणात्मक विकास की उम्मीद जताई।

## झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने शहीद करमजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच द्वारा हजारीबाग शहर के सर्किट हाउस के पास स्थित शहीद स्मारक पर शहीद करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सबसे पहले उपस्थित लोगों ने शहीद करमजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने इस अवसर पर कहा कि आज हजारीबाग शहर सहित पूरा देश दुखी है क्योंकि एक होनहार और देशभक्त बेटा अब हमारे बीच नहीं है। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने आगे कहा कि हजारीबाग के पैगोडा चौक का नाम शहीद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर रखा जाना चाहिए और इस संबंध में वे जल्द ही उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। मंच के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक बटेश्वर प्रसाद मेहता ने शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद कभी मरते नहीं हैं, वे हमेशा अमर रहते हैं। उनके योगदान को सदियों तक याद किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि शहीद स्मारक में शहीद करमजीत सिंह बक्शी की आदमकद प्रतिमा लगाई जाए ताकि उनकी याद हमेशा बनी रहे। पुर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने भी शहीद करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरहद पर शहीद होना, देश के लिए जान देना एक गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में कई अन्य सम्मानित लोग भी उपस्थित थे, जिनमें भैया अभिमन्यु प्रसाद, अरविंद ओझा, सचिव अवध कुमार भारती, अजीत सिंह, शंकर सिंह, रंजीत यादव, मो. हाकिम, सुनीता कश्यप, मो. आशिक, अनिल हक, विजय मिश्रा, बीरबल प्रसाद मेहता, प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. ए. के. मेहता और मो. तस्लीम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा अपराध गोष्ठी में दिए गए दिशा-निर्देश



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने, महिला प्रताड़ना और अनुसूचित जाति जनजाति से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने, और पिछले महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा करने के साथ-साथ उनकी शीघ्र निष्पत्ति सुनिश्चित करने की बात कही गई।पुलिस अधीक्षक ने विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए और जमानती तथा गैर-जमानती वारंटों का भी शीघ्र निष्पादन किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। साथ ही, उन्होंने नशाखोरी के पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने आगामी होली और रामनवमी के त्योहारों के मद्देनजर सभी थाना प्रभारीयों को सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुराने अपराधों की समीक्षा करने और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, सभी थाना प्रभारीयों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वे आम जनता की समस्याओं को समय पर हल करें और निरंतर गश्त जारी रखें।

## आरोग्यम अस्पताल ने आईवीएफ में 50 सफल मामलों की उपलब्धि हासिल की



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल ने आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) में 50 सफल मामलों की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि ने अस्पताल के प्रजनन चिकित्सा विभाग की क्षमता और विशेषज्ञता को साबित किया है। इस सफलता की जानकारी इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी के द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में दी गई, जहां अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० रंजना सरण ने भाग लिया। उन्होंने इस सत्र में आरोग्यम अस्पताल द्वारा किए गए आईवीएफ उपचार की सफलता और तकनीकी उन्नति पर अपने विचार साझा किए। डॉ० रंजना सरण ने बताया कि अस्पताल में उच्च स्तरीय प्रयोगशाला, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय तकनीकों के सहयोग से इन 50 दंपतियों को संतान सुख प्राप्त हुआ। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल के लिए यह गर्व की बात है कि जिले में पहली बार ऐसी सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे आसपास के क्षेत्रों के लोग बिना महानगरों की यात्रा किए अपने इलाज का लाभ उठा सके। डॉ० रंजना ने आईवीएफ प्रक्रिया की सफलता दर और नवीनतम तकनीकों पर भी विस्तृत चर्चा की। इस सफलता ने झारखंड में प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है और अस्पताल ने यह साबित कर दिया कि आधुनिक प्रजनन उपचार अब स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध है। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल के हर्ष अजमेरा ने भी इस कार्यक्रम में अस्पताल की सफलता की सराहना की और कहा कि उनका उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद दंपति तक उन्नत प्रजनन चिकित्सा सुविधाएं पहुंचें, ताकि वे बिना किसी बाधा के माता-पिता बनने का सपना साकार कर सकें।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का वितरण



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में मासिक धर्म स्वच्छता और किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशन में जिला समाज कल्याण विभाग ने किया। समारोह में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा और अन्य अधिकारियों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें वितरित की। इन मशीनों में पहले से 100 सैनिटरी नैपकिन डाले गए थे ताकि बच्चियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने बच्चों को सेनेटरी पैड के सही उपयोग के बारे में समझाया और यह भी कहा कि यह मशीनें किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में मदद करेंगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं के बीच मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छ संसाधन उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया। समारोह में उपस्थित बालिकाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का पालन करने की शपथ भी ली, और यह संकल्प लिया कि वे लिंग भेद और कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने के लिए कार्य करेंगी। इस कार्यक्रम ने झारखंड के समाज में बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा दिया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई।

**कार्यक्रम** मिशन अस्पताल में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का शुभारंभ

# महिलाओं के लिए यह शिविर उनके स्वास्थ्य की दिशा में बहुत ही महत्वपूर्ण



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग से संचालित संत कोलम्बस मिशन अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मिशन अस्पताल के संचालक डॉ० प्रवीण श्रीनिवास ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस शिविर में महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाइयां, बी.पी. जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, दंत जांच, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच, साथ ही एक समय का भोजन भी प्रदान किया गया। पहले दिन 873 महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया और मुफ्त उपचार प्राप्त किया। शिविर में डॉ. जे. के. आर्य, डॉ. ए. एन. सिंह, डॉ. पूजा बैरवा, डॉ. फोरम कटारा, डॉ. रणजीत, डॉ. रिंकू यादव, डॉ. मिताली सोरेन, डॉ. प्रिंस कुमार और डॉ. मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन अस्पताल द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए यह विशेष निशुल्क शिविर आयोजित करना एक अनूठी और सकारात्मक पहल है। उन्होंने बताया कि किसी भी परिवार की महिला उस परिवार की रीढ़ होती है और घर के कार्यों में व्यस्त रहने के कारण वे अक्सर अपनी स्वास्थ्य देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पातीं, जिससे वे गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। विधायक ने मिशन अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए यह शिविर उनके उत्तम स्वास्थ्य की दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता होती है, लेकिन घर की व्यस्तता के कारण कई बार वे इस पर ध्यान नहीं दे पातीं, जिससे उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस शिविर के आयोजन को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक जरूरी पहल बताया।

## सांसद ने 20 से अधिक बेटियों को लहंगा भेंट किया

**संवाददाता**

**कटकमसांडी।** हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल ने इस बार भी अपनी पहल जारी रखते हुए कटकमसांडी के विभिन्न गांवों की 20 से अधिक बेटियों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के द्वारा आयोजित किया गया, जिन्होंने इन बेटियों तक यह उपहार पहुंचाया। सांसद मनीष जयसवाल ने हमेशा क्षेत्रीय विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, और इस बार भी उन्होंने अपनी परंपरा को निभाते हुए बेटियों को यह अनमोल उपहार दिया। लहंगा प्राप्त करने वाली बेटियां कटकमसांडी के विभिन्न गांवों से थीं, जिनमें पंचायत, रेबर, आराभुसाई, लुपुंग, शाहपुर, गदोखर, कृष्णानगर आदि शामिल थे। इस पहल से जहां बेटियों का हौसला बढ़ा, वहीं उनके परिवारों ने सांसद के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने भी इस पहल के महत्व को बताया और कहा कि सांसद मनीष जयसवाल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहे हैं। पिछली बार की तरह इस बार भी लहंगा वितरण का कार्यकर्म आयोजित किया गया, जिससे क्षेत्र की सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा और अधिक बेटियों को इस उपहार का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में डीएमएफटी की समीक्षात्मक बैठक



**जिला** दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएमएफटी , अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद के तहत संचालित योजनाओं एवं वित्तीय वर्ष 2022-2023 की प्रगति की जानकारी ली गई तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता , ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा, भवन प्रमंडल, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण एवं नगर परिषद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए एवं उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। सदर अस्पताल में पेइंग वार्ड निर्माण, प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का कार्य, सदर अस्पताल में ममता कैफै एवं प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य, मध्य विद्यालय बरमसीया में छः अतिरिक्त कक्षा का निर्माण, बाल गृह भवन की मरम्मती कार्य, पीवीटीजीएस समुदाय परिवारों को रोजगार के अवसर प्रदान के लिए मशरूम उत्पादन, साहेबगंज में जिला स्तरीय खेल उपकरण, मुख्यमंत्री रख रखाव योजना की प्रगति की जानकारी ली।

### गोड्डा पथरगामा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया



**रांची।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ रांची द्वारा आयोजित स्थापना समारोह में पथरगामा चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान को उनके अद्वितीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी सेवाओं को सराहा। डॉ. मोहन पासवान को इससे पहले भी स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा, उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है।

डॉ. मोहन पासवान न केवल एक समर्पित चिकित्सा अधिकारी हैं, बल्कि एक सक्षम सर्जन भी हैं। उन्होंने कई सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं और हमेशा अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निभाया है। उनके प्रयासों से पथरगामा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर हुआ है। पथरगामा निवासी सुनील कुमार उर्फ बबलू भगत, पंकज कुमार, सोनू कुमार, श्रवण कुमार और सुशील कुमार भगत ने डॉ. मोहन पासवान को सम्मानित होने पर बधाई दी और उनकी सराहना की। पंकज कुमार ने कहा, ₹काफी दिनों बाद पथरगामा को एक अच्छा चिकित्सा प्रभारी मिला है, जो पथरगामा वासियों के लिए गर्व की बात है। अब स्वास्थ्य केंद्र में पहले से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, और डॉ. पासवान हमेशा उपलब्ध रहते हैं। सुनील कुमार ने कहा, मैंने खुद डॉ. मोहन पासवान से ऑपरेशन करवाया, जो पूरी तरह सफल रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने मुझे अस्पताल से बाहर दवाइयां नहीं लेने दीं, जबकि पहले ऐसा नहीं था। हमें गर्व है कि पथरगामा में एक अच्छे चिकित्सा प्रभारी और डॉक्टर मिले हैं। इस सम्मान से यह साबित होता है कि डॉ. मोहन पासवान का समर्पण और उनकी सेवाएं पथरगामा वासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि हैं। उनकी मेहनत और ईमानदारी ने क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा दी है।

### बिष्णुपुर पुलिस ने गुजरात व तेलंगाना से चार प्रतारक को गिरफ्तार किया



**कोलकाता।** कुछ दिन पहले प्रतारक ने बिष्णुपुर में एक सेवानिवृत्त केंद्र सरकार के कर्मचारी से यह दावा करके 10 लाख 21 हजार रुपये ठग लिए थे कि उन्हें शिडिजिटल रूप से गिरफ्तारश किया जा रहा है। पैसे खो जाने के बाद बृद्ध व्यक्ति को मामले का एहसास हुआ। थाने की द्वारस्थ हुए। पुलिस को उस घटना में सफलता मिली। बिष्णुपुर थाना पुलिस ने गुजरात और तेलंगाना से चार प्रतारक को गिरफ्तार किया।

### पुरुलिया के रघुनाथपुर में अज्ञात जानवर ने भेड़ों पर हमला किया

**कोलकाता।** पुरुलिया के रघुनाथपुर थाने के गोबरंडा गांव में अज्ञात जानवर के हमले में पांच भेड़ों की मौत हो गई। दो भेड़ें गायब हैं। कई अन्य भेड़ें घायल हो गयीं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। आश्चर्य की बात यह है कि गांव में एक खलिहान में गायए बकरी और भेड़ एक साथ रखे गए थे। अज्ञात जानवर ने केवल भेड़ों पर ही हमला किया। किसी अन्य पशुधन को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया गया।

# पुलिस ने तीन महिला समेत आठ अंतर जिला शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

## दो बलेनो कार से 355.59 लीटर विदेशी शराब बरामद

संवाददाता



**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के बाद शराब तस्करी की योजना को नाकाम करते हुए तीन महिला समेत आठ अंतर जिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो बलेनो कार में रखे 355.59 लीटर विदेशी शराब जप्त किया है। एवं दो बलेनो कार किया जप्त।बताया गया कि गुप्त सूचना के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर एएसपी शिवम धाकड़ के नेतृत्व में सुगौली थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच व छापेमारी करते हुए राष्ट्रीय उच्च पथ 28 पर वनसप्ति माई स्थान के पास घेरा बंदी कर दो बलेनो कार की तलाशी के दौरान उक्त शराब बरामद किया है। इस दौरान तीन महिला समेत आठ शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए। पकड़े गये तस्करो की पहचान समस्तीपुर शाहपुर पटोरी के सुबोध राय पटौरी वैशाली महनार के सद्दाम,वैशाली महनार के सनी कुमार,विजय कुमार विवेक कुमार सिंह,सुंदरी कुमारी अफसाना व वैशाली बिदुपुर की रेणु देवी के रूप में हुई है।पूछताछ के दौरान शराब तस्करो ने बताया कि शराब की खेप यूपी के कृष्णा नगर से महनार वैशाली ले जाया जा रहा था। महिला अभियुक्तों को गाड़ी में इस लिए बैठाया था कि गाड़ी चेक ना हो।शराब तस्करो ने पुलिस को चकमा देने के लिए शराब को बोनट,हेड लाइट व चारों पल्ला के अंदर छुपाकर रखा था। हालांकि इनकी कारस्तानी पकड़ी गई।फिलहाल पुलिस इनके विरूद्ध अग्रतर कारवाई में जुटी है।

## नशा मुक्ति को लेकर ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम के साथ रैली



संवाददाता

**अररिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की फारबिसगंज इकाई की ओर से सोमवार को ग्रामीण इलाकों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम के साथ रैली निकाली गई। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत फारबिसगंज के हरिपुर, परवाहा, टेढ़ी मुसहरी,रामपुर बसगड़ा,अक्षरा आदि गांवों में ओम शांति केन्द्र की संचालिका बी.के.रुक्मा दीदी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम और रैली निकाला गया। जिसमे ॐ शांति केन्द्र से जुड़े लोगों के साथ स्थानीय ग्रामीण पुरुष और महिलाओं के साथ बच्चों ने भाग लिया। मौके पर ओम शांति केन्द्र की संचालिका बी.के.रुक्मा दीदी ने कहा कि नशा का संगत होता है।सकारात्मक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से नशा के लत से मुक्ति पाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में तम्बाकू,खैनी,गुटखा,सिगरेट,खैनी,बीडी और शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन बच्चे से लेकर बड़ों तक कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से नशा का सेवन नहीं करने को लेकर लोगों को जागरूक करते हुए राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से अपने मन को मजबूत और शक्तियों को बढ़ाकर नशे से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक नुकसान और बीमारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। अभियान में स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और लोगों से नशा मुक्ति को लेकर अपील की।मौके पर केन्द्र की संचालिका बी.के.रुक्मा देवी,मीरा दीदी,इंदु दीदी,आदित्य भाई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के लिए प्रयत्नशील रहे कर्पूरी ठाकुर : चक्रपाणि

संवाददाता



**भागलपुर।** जननायक कपूर्री ठाकुर की 37वीं पुण्यतिथि समारोह सोमवार को बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु के आवासीय कार्यालय श्रीरामपुर अकबरनगर भागलपुर में मनाया गया। इस दौरान जननायक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर सदैव दलित, शोषित और वंचित वर्ग के लिए प्रयत्नशील रहे। वो सरल और सरस हृदय के राजनेता थे।

उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी। लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति देने में अपूर्व योगदान को सदा स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता थे। देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जागते रहते थे। अपने जीवन काल में सदा गरीबों के अधिकार के लिए लड़ते रहते थे। बिहार में पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था 1977 में की। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी विषय में पास करने की अनिवार्यता खत्म कर दी थी।

उन्होंने शिक्षा अपने मुख्यमंत्री काल में आम लोगों तक पहुंचाया। राज्य के सभी विभागों में हिंदी में काम करने को अनिवार्य बना दिया। कार्यक्रम में गौतम बनर्जी, प्रीतम कुमार, राकेश कुमार, अंकित कुमार, बृजेश कुमार, हर्ष कुमार, मोनू कुमार, मोहम्मद फिरोज अंसारी, राजेंद्र दास, प्रभाकर तांती आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षार्थी के प्रथम दिन 583 परीक्षा रहे अनुपस्थित



**अररिया।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से सोमवार से आयोजित वर्ग दस की बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में पहले दिन दोनों पाली मिलाकर 583 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने अररिया के 43 केंद्रों पर पहले दिन परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होने का दावा किया।प्रथम पाली में 14933 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 263 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 14825 उपस्थित एवं 320 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा को लेकर अररिया जिला मुख्यालय में 23 परीक्षा केन्द्र एवं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय में 20 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा हो रहे हैं।

## यूनियन बैंक के मैनेजर को चाकू घोपकर किया घायल, अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता



**नवादा।** नवादा में यूनियन बैंक के प्रबंधक अभय कुमार पर सोमवार को एक अपराधी ने चाकू से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। नवादा एसडीपीओ ने बताया कि अपराधी युवक पहले मिर्ची का पाउडर आंख पर छिड़क दिया। उसके बाद चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमलावर युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ हुलाश कुमार ने बताया कि अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। हमले किए गए चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। बैंक प्रबंधक जब सामान्य हो जाएंगे तो उनसे घटना की जानकारी ली जाएगी ।अन्य सूत्रों से पता चला है कि हमलावर युवक उसी बैंक का सीएसपी संचालक है। जिसकी बैंक प्रबंधक की अदावत चल रही है ।एक बैंक कर्मी ने बताया कि सीएसपी संचालक हमलावर आधार कार्ड बनाने में ढाई हजार रुपए का रिश्वत लिया करता है । जिसका विरोध बैंक प्रबंधक किया करते हैं। यही वजह दोनों में दुश्मनी हुई और युवक ने चाकू से हमला कर हत्या का प्रयास किया। इस घटना के बाद बैंक कर्मियों में दहशत का माहौल कायम है।

# फेंसिडिल उद्धार अभियान के दौरान महिलाओं ने बीएसएफ जवानों पर किया हमला, गाड़ी में की तोड़फोड़

संवाददाता



**कोलकाता।** बीएसएफ ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए हमला की शिकार हुए। इस बारए नदिया के कृष्णगंज में फेंसिडिल उद्धार अभियान के दौरान सैनिकों पर महिलाओं ने हमला कर दिया। बीएसएफ को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि कृष्णगंज के मथुरापुर स्थित नदी पंप पर प्रतिबंधित दवाएं रखी जा रही हैं। कथित तौर परए महिलाएं उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ीं। उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। बीएसएफ ने कृष्णगंज थाने में कुल 10 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीमा सुरक्षा बल पर हमले के सिलसिले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कुछ दिन पहले बीएसएफ ने कृष्णागंज के माजदिया इलाके में एक बंकर खोजा था। वहां से भारी मात्रा में फेंसिडिल बरामद किया गया था। बंकर में प्रतिबंधित दवाएं रखी हुई थीं। बीएसएफ को पता चला कि इसे बांग्लादेश में तस्करी के लिए जमा किया जा रहा था। जांच जारी रहने के दौरान शनिवार को बीएसएफ को गोपनीय सूत्र से सूचना मिली कि तस्करी के लिए मथुरापुर क्षेत्र में एक नदी पंप के अंदर भारी मात्रा में फेंसिडिल का भंडारण किया गया है। सूचना मिलने पर बीएसएफ जवानों ने योजना बनाकर सोमवार को वहां छापा मारा। लेकिन शिकायत यह है कि उन्हें देखते ही इलाके की महिलाएं उछल पड़ीं। बीएसएफ ने आरोप लगाया कि महिलाएं अग्रिम पंक्ति में थींए जबकि स्थानीय अपराधी पीछे की पंक्ति में थे। उपद्रवियों ने पहले बीएसएफ वाहन में तोड़फोड़ की।

घटना की खबर मिलते ही सीमा प्रहरियों की एक बड़ी टीम मौके पर पहुंच गई। बीएसएफ ने मथुरापुर इलाके के कुल 10 लोगों के खिलाफ कृष्णगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कृष्णगंज थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालाँकिए बताया जा रहा है कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इस घटना के बाद बांग्लादेश सीमा के पास नदिया जिले के कृष्णगंज में सक्रिय तस्कर गिरोह का मामला स्पष्ट हो गया। पुलिस इस चक्र को तोड़ने के लिए बेताब है। इनमें वह घटनाए जिसमें अवैध रूप से भंडारित फेंसिडिल को बरामद करने का प्रयास करते समय बीएसएफ पर हमला किया गयाए उससे तस्करों और अपराधियों के बीच स्पष्ट संबंध सामने आए।

### शादी का वादा देकर सहबास रिश्ता तोड़ने की धमकी!

## बनगांव नगर पालिका पार्षद गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** बनगांव नगर पालिका के एक निर्दलीय पार्षद पर एक महिला के साथ यौन संबंध बनाने और शादी का वादा कर रिश्ता तोड़ने का आरोप उठा है। महिला ने पार्षद के घर के सामने गुस्सा फूट पड़ा।

राखी रॉय नामक महिला ने उत्तर 24 परगना के बनगांव नगर पालिका के वार्ड 18 के निर्दलीय पार्षद चिरंजीत बिस्वास पर यह आरोप लगाया है। राखी ने आरोप लगाया कि चिरंजीत पिछले एक साल से उनके साथ रिलेशनशिप में था। लेकिन फिलहाल वह उसके संपर्क में नहीं है। उसकी खोज खबर नहीं है। रविवार को वह गुस्से में आकर चिरंजीत के घर गया। राखी ने चिरंजीत के लिए कड़ी सजा की मांग की।

महिला ने आरोप लगाया कि चिरंजीत ने शादी का वादा कर उसके साथ यौन संबंध बनाए। उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न होंए यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं। शिकायत के आधार पर बनगांव थाने की पुलिस चिरंजीत के घर पहुंची। पुलिस ने महिला से थाने में शिकायत दर्ज कराने को कहा। काफी देर की कशमकश के बाद राखी पार्षद के घर के सामने से निकल गई।

राखी ने आगे आरोप लगाया कि चिरंजीत की वजह से ही उन्होंने घर छोड़ा और किराए के मकान में रहती हैं। हाल ही में जब उन्होंने उससे संपर्क करने की कोशिश की तो चिरंजीत उसे तरह-तरह से धमका रहा था। हालांकिए चिरंजीत ने दावा किया है कि राखी के सभी आरोप निराधार हैं। इस घटना के बाद राखी ने बनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला की शिकायत के आधार पर चिरंजीत को कल रात गिरफ्तार कर लिया गया।

## शुभेंदु अधिकारी अग्निमित्रा पाल समेत चार भाजपा विधायक को विधानसभा से निलंबित

संवाददाता



**कोलकाता।** यह पहली बार नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा विधायक और राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को इससे पहले तीन बार विधानसभा से निलंबित किया जा चुका है। उसे पुनः निलम्बित कर दिया गया है। न केवल शुभेंदु बल्कि उनके साथ तीन अन्य भाजपा विधायकों को भी निलंबित कर दिया गया है। वे हैं अग्निमित्रा पालए विश्वनाथ कारक और बंकिम घोष। चार भाजपा विधायकों को 30 दिनों के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है।

लेकिन क्यों कारण क्या है सूत्रों के अनुसारए यह घटना सोमवार को विधानसभा में सरस्वती पूजा से संबंधित मुद्दे के संदर्भ में हुई। भाजपा शिबिर के विधायकों ने सरस्वती पूजा में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया। बताया जा रहा है कि उसी समय शुभेंदु अचानक विरोध करने के लिए उतर गए। इतना ही नहींए उन पर विधानसभा अध्यक्ष पर कागज फेंकने का भी आरोप है। इसके बाद विधानसभा के मुख्य सतर्कता अधिकारी निर्मल घोष ने विपक्ष के नेता के खिलाफ आपातकालीन कागजात फाड़ने और फेंकने के लिए कार्रवाई का अनुरोध किया गया। सूत्रों का कहना है कि इस घटना में शुवेंदु और अग्निमित्रा समेत चार विधायकों को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस दिन भाजपा विधायकों ने विधानसभा से पदयात्रा भी किये। बताया जा रहा है कि विधानसभा की दैनिक कार्यसूची फाड़कर अध्यक्ष की ओर फेंकी गई। गौरतलब है कि अगले 30 दिनों तक ये चारों विधायक विधानसभा के किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य के विपक्षी नेता कल मंगलवार को विधानसभा के बाहर धरने पर बैठेंगे।

### कोलकाता में चिकित्सा संबंधी शिल्प मेला मेडिकल प्रदर्शनी ‘25’



**कोलकाता।** आधुनिक चिकित्सा से संबंधित उद्योगों का तीन दिवसीय मेलाए ष्मेडिकल प्रदर्शनी ‘25’ कोलकाता के विश्व बांग्ला मिलन मेला परिसर में शुरू हो गया ह। और यह 17 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में देश विदेश के लगभग 250 स्टॉल हैं। मेले का उद्घाटन शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल मलय पिटए एसआई सर्जिकल प्रिंसिपल संजय मुखर्जी और पूर्व चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉण सुशांत चक्रवर्ती ने किया। निरजंन नंदी और कई अन्य उपस्थित थे।

### दुर्घटना में 4 वर्षीय छात्र की मौत

**कोलकाता।** सुबह एक दुर्घटना में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घायल बच्चे की मां। यह दुर्घटना बहरामपुर-सुल्तानपुर राज्य राजमार्ग पर कांदी पुलिस स्टेशन के निकट घटित हुई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। कांदी थाने की पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे की मां को घायल अवस्था में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हाथी ने किया हमला, चावल-दाल खा गया



**कोलकाता।** मध्य रात्रि में गोरुमारा जंगल से एक हाथी निकला और मेटेली स्थित आईसीडीएस केंद्र पर हमला कर दिया।

गजराज ने आंगनवाड़ी केंद्र में रखे सारे चावल और दालें खा गयी। स्थानीय पंचायत सदस्य सुबल पाइक ने कहाए ष्केंद्र में अब कुछ भी नहीं बचा है।ष हाथी ने लगभग सब कुछ नष्ट कर दिया। इस दिन केंद्र पर खाना नहीं बना। ष्माताओं और बच्चों को भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के 57 रेलवे स्टेशन होंगे अमृत स्टेशन के रूप में विकसित

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय बजट 2025-26 के बारे में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मेदिनीनगर शहर में एक प्रेसवार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बजट से झारखंड राज्य को कई लाभ होंगे। उन्होंने खासकर 12 लाख रुपये तक के आयकर में छूट की घोषणा की, जिससे लोगों को वित्तीय राहत मिलेगी। कृषि क्षेत्र के लिए केसीसी (कृषि क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इस बजट में चमड़ा और खिलौना उद्योग को विशेष प्रोत्साहन देने का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों और विद्यालयों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। सांसद ने यह भी बताया कि मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी, साथ ही कैंसर रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की जाएगी। सांसद ने जलजीवन मिशन के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अब यह मिशन 2028 तक चलेगा। इसके अलावा, झारखंड में कुल 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जिससे परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा। इस अवसर पर भाजपा के कई नेता भी उपस्थित थे, जिनमें प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### पलामू में 18 एकड़ अवैध अफीम की फसल नष्ट की गई

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। जिले के मनातू और पांकी थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को नष्ट करने के लिए पुलिस और वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाया। मनातू के ग्राम आप्ति के जंगल में 12 एकड़ अफीम की फसल को नष्ट किया गया, जबकि पांकी थाना क्षेत्र के राणादाह और बगडेगवा गांवों में छह एकड़ में फैली अफीम की फसल को भी पुलिस और वन विभाग की टीम ने नष्ट किया। यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए की गई थी। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध नशीली फसल की खेती करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि वे इस तरह की गतिविधियों के बारे में प्रशासन को सूचना दें ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें।

### गढ़वा में विकास माली का भिक्षाटन अभियान

**गढ़वा।** गढ़वा शहर में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने और गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में मदद करने के लिए भिक्षाटन अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए धन जुटाना था। विकास माली ने कहा कि कई गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, और इस पहल के माध्यम से उन्हें विवाह के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इस अभियान के तहत 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए धन जुटाने का लक्ष्य रखा गया। अभियान की शुरूआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई। इस अवसर पर उन्होंने समाज के संपन्न वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में अपना सहयोग दें ताकि 351 बेटियों का विवाह सफलता पूर्वक संपन्न हो सके। भिक्षाटन से जुटाए गए धन का उपयोग शादी समारोह की व्यवस्थाओं में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के अन्य सदस्य भी शामिल हुए, जिनमें रमना प्रमुख करुणा सोनी, मरवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, और अन्य समाजसेवी शामिल थे।

### पंचायत सचिव संघ की अनुषांगिक इकाई,गठित,राधेश्याम शर्मा बने अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पलामू जिला पंचायत सचिव संघ की बैठक हुयी.बैठक की अध्यक्षता संघ के मुख्य संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी व संचालन जिलाध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने किया.बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा हुयी.इस दौरान संघ के प्रखंड स्तरीय अनुषांगिक इकाई के गठन की प्रक्रिया भी पूरी की गयी.सर्वसम्मति से राधेश्याम शर्मा को संघ का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया. वहीं मंजर अंसारी को संघ का सचिव बनाया गया.दोनो नव निर्वाचित पदाधिकार को प्रखंडस्तरीय कमेटी के पूर्ण गठन का जिम्मा सौंपा गया.बैठक में संघ के कई सदस्य मौजूद थे।

### अज्ञात लोगों ने घर के सामने खड़ी स्कॉर्पियो में लगाई आग

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर अनुमंडल क्षेत्र के कवल पंचायत निवासी राधेश्याम यादव के घर के सामने खड़ी स्कॉर्पियो वाहन को बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई।जिसमें स्कॉर्पियो खल019223 पूरी तरह से जल गई। जिसकी लिखित शिकायत सोमवार को स्कॉर्पियो के संचालक राधेश्याम यादव ने छतरपुर थाने में किया हैं।आवेदन में गाड़ी मालिक राधेश्याम यादव ने बताया कि कुछ दिन पहने उन्होंने बबलू माफियाओं को उन्होंने अपने खेत से होते हुए बालू ले जाने से रोक था।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण और आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण




संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने धनबाद रेल मंडल के डालटनगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म की लंबाई-चौड़ाई, भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था, पार्किंग सुविधा आदि की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन के विभिन्न प्लेटफॉर्म, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और बाहरी भाग में पार्किंग सुविधा का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 10 से 15 हजार यात्री आवागमन करते हैं, विशेष रूप से शाम और मध्यरात्रि में ट्रेनों में यात्रियों की अधिक भीड़ रहती है। भीड़ नियंत्रण के मद्देनजर रेलवे प्रशासन को जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट, मेडिकल टीम और एंबुलेंस तैनात करने का निर्देश दिया गया, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, रेलवे स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, यातायात निरीक्षक अनिल तिवारी, वाणिज्य अधीक्षक राजीव रंजन, वाणिज्य यातायात निरीक्षक विकास कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक क्षितिज कुमार प्रधान, सहायक मंडल अभियंता मनोहर कुमार आदि।

## गढ़वाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति ठीक, पर थाली से अंडे गायब



संवाददाता

**बरवाडीह।** आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविकाओं की अनुपस्थिति और पोषण आहार में अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसी संदर्भ में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, पंसस प्रवीण कुमार और संगीता देवी ने गढ़वाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी सेविका संगीता देवी अनुपस्थित मिलीं। हालांकि, बच्चों की उपस्थिति सामान्य थी, लेकिन उनके भोजन में अंडे नहीं थे, जिससे अधिकारियों ने नाराजगी जताई। प्रमुख और उप प्रमुख ने कहा कि जब प्रखंड मुख्यालय में यह स्थिति है, तो सुदूरवर्ती इलाकों में स्थिति और भी खराब हो सकती है।उन्होंने बताया कि सेविकाओं को अक्सर मीटिंग के लिए मुख्यालय बुलाया जाता है, जिससे केंद्र सहायिकाओं के भरोसे छोड़ दिए जाते हैं। इस संबंध में कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को सूचना दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब इस मामले को जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के समक्ष उठाने और जिला स्तरीय बैठक में चर्चा करने की योजना बनाई जा रही है।

## समाजसेवी राजीव रंजन का अनिश्चितकालीन आमरण अनशन



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत के क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर समाजसेवी और भाजपा नेता राजीव रंजन ने सोमवार को अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि नगर पंचायत में आवास लाभुकों को शीघ्र राशि का भुगतान किया जाए, भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाए, और पुलिस प्रशासन द्वारा दो पहिया वाहनों के चालान की व्यवस्था स्थानीय थाना में ही की जाए। इसके अलावा, उन्होंने अन्य कई मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें वार्डों में सफाई व्यवस्था की स्थिति सुधारने, पेयजल की सुविधा प्रदान करने, जर्जर बिजली तारों और खंभों को बदलने, और सफाई कर्मियों का बकाया मजदूरी भुगतान करने जैसी समस्याएं शामिल हैं। इन सभी मुद्दों पर प्रशासन से ठोस आश्वासन नहीं मिलने तक राजीव रंजन का आमरण अनशन जारी रहेगा। सोमवार को ही सैकड़ों महिला-पुरुषों ने मिडिल स्कूल से प्रखंड मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला, जिसमें लोगों ने हाथ में बैनर और पोस्टर लेकर नगर पंचायत और प्रखंड कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस आंदोलन में समाजसेवी राजीव रंजन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नगर पंचायत प्रशासन महज होल्डिंग टैक्स वसूलने में व्यस्त है, जबकि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं।

## पलामू फुटबॉल टूर्नामेंट, खेलों में नये अवसर और उम्मीदें मिली



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में फुटबॉल के प्रति युवा वर्ग का जुनून और उत्साह देखने लायक था, जब पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति द्वारा एक सप्ताह लंबा फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पलामू की एसपी रिश्मा रमेशन और अन्य प्रमुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वीर शहीदों की पावन स्मृति को सम्मानित करना था और इस दौरान शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह में पूरी स्टेडियम की माहौल उत्सवपूर्ण हो गया था, जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आतिशबाजी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले मैच में दिल्ली और नेपाल के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दिल्ली ने नेपाल को हराया। दोनों देशों के राष्ट्रगान के साथ मैच की शुरूआत हुई। इस आयोजन के बाद आयोजकों ने यह उम्मीद जताई कि यह खेल युवा दिलों की धड़कन बनेगा और युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पलामू में एक अत्याधुनिक स्टेडियम की आवश्यकता है, ताकि यहां के बच्चों को और बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकें। आयोजन समिति ने यह भी कहा कि पलामू में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता है, क्योंकि यहां के युवा खिलाड़ी असाधारण प्रतिभा से भरे हुए हैं और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलना चाहिए। पलामू फुटबॉल आयोजन समिति इस दिशा में काम कर रही है और आशा है कि आने वाले समय में पलामू को खेल के क्षेत्र में एक बड़ा नाम मिलेगा।

## मिशन समृद्धि का अभियान निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ता जा रहा है



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में मिशन समृद्धि का अभियान निरंतर बढ़ता जा रहा है और यह अभियान हर कदम के साथ नई ऊँचाइयों को छू रहा है। इस अभियान की शुरूआत कोरोना काल से पहले हुई थी, जब इसे केवल चालीस घरों तक रोटियां पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था। लेकिन अब इस अभियान की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि कई परिवारों ने फिर से रोटियां देने की अपील की है। यह सब मिशन समृद्धि की सफलता का परिणाम है। अंबेडकर पार्क और शनि मंदिर में भोजन वितरण के कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान चालीस व्यक्तियों को सब्जी का पैकेट वितरित किया गया, जो उन जरूरतमंदों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। इस अभियान के तहत जो भी कार्य किए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से सेवा की भावना से प्रेरित हैं और इन कार्यों के कारण समाज में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस अभियान में शामिल होने वाले परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया। अभियान में सहयोग देने वाले समाजसेवियों जैसे बेबी पाण्डेय, ममता, आशा शर्मा, शिल्पी गोस्वामी, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज और अन्य का दिल से आभार व्यक्त किया गया, क्योंकि उनके सहयोग से यह अभियान निरंतर सफलता की ओर बढ़ रहा है। मिशन समृद्धि के इस प्रयास ने समाज के हर वर्ग को जोड़ा है और यह अभियान अब एक बड़े आंदोलन की तरह समाज में अपनी पहचान बना चुका है।

## जायंट्स ग्रुप डाल्टेनगंज का स्थापना समारोह हुआ संपन्न



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 16 फरवरी 2025 को स्थानीय होटल निरवाना नवाटोली डाल्टनगंज में जायंट्स क्लब डाल्टेनगंज का स्थापना समारोह संपन्न हुआ । स्थापना समारोह की अध्यक्षता कर रहे मनजीत आनंद प्रकाश ने बताया कि क्लब के प्रति सक्रियता एवं भागीदारी को देखते हुए मोहम्मद मुर्तजा जी को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया है आकांक्षा जायसवाल को डायरेक्टर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन की जवाब देही दी गई है आरती आनंद इंटरनल वाइस प्रेसिडेंट की जिम्मेवारी निर्वहन करेंगे मोहम्मद जावेद अहमद को एक्सटर्नल वाइस प्रेसिडेंट की जिम्मेवारी दी गई, साथी प्रियंका आनंद साहू को डायरेक्टर आफ फाइनेंस के लिए चुना गया ,पूरी टीम अपने नए टेन्योर में पूरे जोश के साथ समाज के लिए सक्रिय रहने का शपथ लिया। कार्यक्रम में, बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जायंट्स फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं सेंट्रल कमेटी के सदस्य विनोद कपूर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि इस नवगठित टीम को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले होली पर्व की शुभकामना दी । शपथ ग्रहण सुधीर जोरियार ने कराया एवं मंच संचालन मीनाक्षी कारण द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पुलिन मित्र, संतोष कुमार, अभय कुमार, गौतम कुमार, रमा कुमार एवं कमलजीत उपस्थित रहे।

### रणपुरा में घर-घर दवा वितरण और जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** जिले में 10 से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न गांवों में फाइलेरिया की दवा का वितरण कर रही है। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी के नेतृत्व में रणपुरा गांव में ग्रामीणों को दवा दी गई और फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए।डॉ. अंसारी ने ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह हाथी पांव जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से निःशुल्क दी जा रही दवा भोजन के बाद सेवन करने की अपील की।स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवा वितरित कर रही है। उन्होंने बताया कि बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोगी दवा न लें, लेकिन बाकी सभी इसका सेवन जरूर करें।फाइलेरिया से बचाव के सुझाव घर और आसपास की सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें।ग्रामीणों का सकारात्मक सहयोगरणपुरा गांव के ग्रामीणों ने अभियान का समर्थन करते हुए दवा सेवन का आश्वासन दिया।

## भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना प्रतापपुर



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला जे बी उच्च विधालय के खेल मैदान में भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को डंडीला यूथ क्रिकेट टीम व प्रतापपुर 11 टीम के बीच खेला गया.टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुये डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 17.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 207 रन बनाया.रोमांचक तरीके से प्रतापपुर की टीम ने अंतिम गेंद पर एक विकेट से मैच जीत लिया.इसी के साथ भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें सीजन का प्रतापपुर नया चैंपियन बन गया.बेहतर प्रदर्शन के लिये हरफनमौला खिलाड़ी रुद्र कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया.वहीं सुदीप कुमार मैन ऑफ द सीरीज बने.विजेता व उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दिया.पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह व संचालन चंद्रमणि दीक्षित ने किया.विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि खेल में हार जीत तो लगा रहता है.लेकिन इस हार जीत में छुपे संदेश को समझना होगा.जितने वाली टीम को अपना लय बरकरार रखने के लिये मेहनत करते रहना होगा.हारने वाली टीम ने भी काफी बेहतर प्रदर्शन किया है.कठिन परिश्रम उन्हें आगे चलकर बड़ी जीत दिलाने का रास्ता खोलेगी.विजेता टीम को शिल्ड के साथ 55 हजार रुपए नकद व उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए नकद प्रदान किया गया.मौके पर स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार,रंजित सिंह,डॉ वी पी शुक्ला,कुमार कालिका सिंह,शिव सिंह,रविशंकर चौबे,फिरोज खान,चंद्रमणि दीक्षित, संजू सिंह, विकाश सिंह, संतोष गुप्ता,रिंकू सिंह,प्रियव्रत सिंह,रौशन सिंह,पप्पू सिंह,सतेंद्र यादव, थाना प्रभारी दीप नारायण, हरिनाथ चंद्रवंशी,दिनेश शुक्ला,नजमुद्दीन अंसारी,प्राचार्य अनिल सिंह,आलोक शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम** › सिलागाई में वीर बुधु भगत की 233 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

# आदिवासी समाज गरीब नहीं है, बल्कि संतुष्ट है: शिल्पी तिर्की



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची जिले के चान्हो प्रखंड के सिलागाई गांव में अमर शहीद वीर बुधु भगत की 233वीं जयंती एक भव्य समारोह के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल था और लोग बड़ी संख्या में जयंती समारोह में भाग लेने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरूआत एक शानदार विकास मेला के आयोजन से हुई, जिसमें गांववासियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स और प्रदर्शनों का आनंद लिया। इस आयोजन में झारखंड सरकार की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत आदिवासी महिलाओं द्वारा आदिवासी नृत्य के साथ की गई, जिसने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में वीर बुधु भगत को स्वतंत्रता संग्राम का जननायक बताते हुए उनके बताए गए आदर्शों पर चलने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि हम आदिवासी समाज 65 हजार साल पुरानी सभ्यता के हिस्से हैं और हमें यह समझने की आवश्यकता है कि आदिवासी समाज गरीब नहीं है, बल्कि वह संतुष्ट है। इस दौरान चमरा लिंडा ने वीर बुधु भगत जैसे महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके संघर्षों को याद किया। डॉ. परमेश्वर भगत ने वीर बुधु भगत की शहादत को शोषण और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के रूप में याद करते हुए कहा कि हमें उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर समाज में बदलाव लाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रमुख व्यक्तियों ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और स्मारक स्थल पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान विकास मेला में लगे स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया गया और लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जलयात्रा के साथ जयंती समारोह की शुरूआत की गई थी, जिसमें सैकड़ों लोग दक्षिण कोयल नदी से जल लेकर स्मारक स्थल पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की। यह समारोह वीर बुधु भगत की शहादत को याद करने और उनके आदर्शों को फैलाने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन गया।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

संवाददाता

**बरवाडीह।** सीआईएसई मान्यता प्राप्त शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का 18 वां वार्षिकोत्सव समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह और आईसीएसई प्रतिनिधि मुकेश कुमार की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर डॉ० पवन कुमार ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए होस्टल का उद्घाटन किया, जिसमें विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी और स्कूल प्रबंधक सीमा कुमारी शामिल रहे। स्कूल की शिक्षिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं, प्राइमरी से नवी कक्षा के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को दर्शाते हुए नाटक, नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। विशेष रूप से नशा मुक्ति पर आधारित नाटक और विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। स्कूल डायरेक्टर डॉ० पवन कुमार ने कहा कि उन्होंने हर दिन एक नया लक्ष्य निर्धारित किया है और स्कूल को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसई प्रतिनिधि मुकेश कुमार के सहयोग से स्कूल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफलता मिली है।

# एफआईएच प्रो लीग: भारतीय महिला हॉकी टीम का अगले दो मैचों में जर्मनी से मुकाबला

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के अपने अगले मैचों में स्पेन से भिड़ेगी। यह मैच 18 और 19 फरवरी को यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। मैच को लेकर भारतीय टीम उत्सुक है और जीत दर्ज कर अंक तालिका में ऊपर बढ़ने की कोशिश करेगी।

सलीमा टेटे की अगुवाई भारतीय महिला हॉकी टीम अपने पहले मैच में इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ शानदार शुरूआत करने के बाद अपने दूसरे मैच में बोनस अंक से चूक गई। यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 2-1 से टीम हार गई। भारतीय महिला टीम वर्तमान में दो मैचों में चार अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर, जो अब तक टीम की शीर्ष स्कोरर हैं, शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने दोनों मैचों में एक-एक गोल किया है और भारतीय फॉरवर्ड लाइन को स्थिरता प्रदान की है। दूसरी ओर, स्पेन एफआईएच प्रो लीग के भारत चरण में जर्मनी के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज की है। उन्होंने जर्मनी पर लगातार 2-1 से जीत हासिल की, जिससे भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबलों से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।



हाल ही में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद, स्पेन का प्रदर्शन कुल मिलाकर मिला-जुला रहा है। अब तक खेले गए छह मैचों में से सिर्फ दो में जीत मिली है और एक शूटआउट जीत मिली है। आठ अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद स्पेन अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहेगा।

स्पेन के खिलाफ आगामी मैचों पर बात करते हुए भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम स्पेन के खिलाफ अपने मैचों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह (स्पेन) एक मुश्किल टीम है और हम जानते हैं कि यह एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला होने वाला है। हालांकि, हमारी टीम चुनौती के लिए तैयार है। हमने इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन का विश्लेषण किया है और उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां हमें सुधार करने की जरूरत है, खासकर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में।

# एफआईएच प्रो लीग 2024–25 : जर्मनी से भिड़ने को तैयार भारतीय पुरुष हॉकी टीम

## भारतीय टीम अपनी जीत की लय को जारी रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** एफआईएच प्रो लीग 2024-25 अभियान में मिली-जुली शुरूआत के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में अपने आगामी मैचों में जर्मनी से भिड़ने को तैयार है। अपने पहले मैच में स्पेन से 3-1 से हारने के बाद दूसरे मैच में 2-0 की शानदार जीत के साथ वापसी करने के बाद भारतीय टीम जर्मन टीम के खिलाफ अपनी जीत की लय को जारी रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पहले 18 फरवरी को और फिर 19 फरवरी को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी। फिलहाल दो मैचों में तीन अंक लेकर भारतीय टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और इन मैचों में जीत के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगा।




टीम के लिए ध्यान का एक मुख्य क्षेत्र पेनाल्टी कॉर्नर रूपांतरण दर में सुधार करना है। स्पेन के खिलाफ अपने दो मैचों में सात पेनाल्टी कॉर्नर जीतने के बावजूद, भारतीय टीम इनमें से किसी भी अवसर को गोल में बदलने में विफल रहा। दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह और सुखजीत सिंह ने टूर्नामेंट में अब तक मेन इन ब्लू के लिए एक-एक गोल किया है और वे जर्मनी के खिलाफ अपने इस स्कोर में इजाफा करना चाहेंगे। जर्मनी, जो भारत चरण का अपना पहला मैच खेलेगा, चार मैचों में चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर भारत से ठीक ऊपर है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में केवल एक मैच जीता है। दोनों टीमें पिछली बार अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भिड़ी थीं, जहां जर्मनी ने पहला मैच 2-0 से जीता था, लेकिन भारत ने दूसरे मैच में 5-3 की रोमांचक जीत के साथ वापसी की थी। हालांकि, जर्मनी ने शूटआउट जीत के जरिए सीरीज पर कब्जा कर लिया था।

आगामी मैचों के बारे में बात करते हुए भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम जर्मनी के खिलाफ होने वाले मैचों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जर्मनी एक बेहतरीन टीम है और हम जानते हैं कि हमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि स्पेन के खिलाफ सकारात्मक परिणाम के बाद, हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है, लेकिन हम जानते हैं कि अभी भी काम करना बाकी है। हमारा मुख्य ध्यान अपने पेनल्टी कॉर्नर रूपांतरण में सुधार करना है, क्योंकि कड़े मुकाबलों में उन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाना महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त खबरें

### युगांडा के धावक ने हाफ मैराथन में बना दिया एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड




**नई दिल्ली।** युगांडा के जैकब किप्लिमो ने हाफ मैराथन में इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने 57 मिनट से भी कम समय में दूरी तय करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। बार्सिलोना में हुई रेस में भाग लेते हुए उन्होंने धमाकेदार अंदाज में फिनिश लाइन टच की। जैकब ने टोक्यो ओलंपिक में भी धमाल मचाया था। 10000 मीटर स्पर्धा में उनके नाम कांस्य पदक आया था। इसके अलावा वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भी उन्होंने धमाल मचाते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल कर लिया था। जैकब अपने खेल को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन को लेकर संतुष्टि जताई है क्योंकि इस तरह का प्रदर्शन करने के बाद उन्होंने वर्ल्ड में अपना नाम और ऊँचा कर दिया है। खुद का नाम करने के अलावा उन्होंने युगांडा का भी नाम रोशन किया है। उनका कहना था कि यह कीर्तिमान तोड़ने की उम्मीद नहीं थी।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के 3 सबसे तूफानी खिलाड़ी, लिस्ट में भारतीयों का दबदबा

**नई दिल्ली।** चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज होने में कुछ ही दिनों का समय बाकी है। आठ टीमों के बीच चार वेन्यू पर मुकाबले खेले जाएंगे। पाकिस्तान में तीन और यूएई का एक स्टेडियम इन मैचों के लिए तैयार है। टी20 क्रिकेट आने की वजह से एकदिवसीय में भी रन धड़ाधड़ आते हैं। भारतीय टीम के खेमें में इस टूर्नामेंट के लिए कई धांसू प्लेयर मौजूद हैं, जो अपने धांसू खेल के दम पर किसी भी मुकाबले का रुख मोड़ने की क्षमता रखते हैं। अन्य टीमों में भी ऐसे बल्लेबाज हैं और पाकिस्तान में तो सपाट विकेट हैं, जहां रनों की बारिश होती है। चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे तेज बल्लेबाजों की लिस्ट को अगर देखा जाए, तो भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने डोमिनेट किया है। जहां सबसे तेज का मतलब बेहतरीन स्ट्राइक रेट से है। उच्चतम स्ट्राइक रेट वाले तीन बल्लेबाजों के बारे में आपको भी जरूर जानना चाहिए।

# आईपीएल 2025: ओपनिंग और फाइनल मैच की मेजबानी करेगा ईडन गार्डन्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के कार्यक्रम की घोषणा हो गई है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 22 मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आमने-सामने होंगे। इसी मैदान पर 25 मई को फाइनल मुकाबला भी आयोजित होगा।

### कोलकाता में एक दशक बाद फाइनल

ईडन गार्डन्स लगभग एक दशक बाद आईपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले इस मैदान ने 2013 और 2015 में खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की थी। इसके अलावा, यहां 3 मई को क्वालीफायर 2 भी खेला जाएगा।




### हैदराबाद को भी मिला प्लेऑफ का मौका

2024 के उपविजेता सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) के घरेलू मैदान को भी प्लेऑफ मुकाबलों की मेजबानी मिली है। क्वालीफायर 1 (20 मई) और एलिमिनेटर (21 मई) हैदराबाद में खेले जाएंगे।

### 65 दिनों में खेले जाएंगे 74 मैच

आईपीएल 2025 में 12 डबल-हेडर के साथ कुल 74 मुकाबले 65 दिनों में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला डबल-हेडर 23 मार्च को होगा, जिसमें पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा। इसके बाद दिन का सबसे बड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा, जब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) की प्रतिष्ठित भिड़ंत होगी।

### डबल-हेडर में कौन कितने दोपहर के मैच खेलेगा?

राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस - 3-3 दोपहर के मैच। अन्य सात टीमें - 2-2 दोपहर के मैच। पिछले साल की तरह इस बार भी दोपहर के मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे शुरू होंगे।

### गुवाहाटीऔर धर्मशाला को भी मिली मेजबानी

इस बार भी कुछ टीमों के पास दूसरे घरेलू मैदान होंगे। गुवाहाटी (राजस्थान रॉयल्स) और विशाखापत्तनम (दिल्ली कैपिटल्स) में 2-2 मैच होंगे। धर्मशाला (पंजाब किंग्स) में 3 मुकाबले खेले जाएंगे।

# जोआओ फोंसेका ने रचा इतिहास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्राजील के युवा टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने रविवार को अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए घरेलू दावेदार फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(1) से हराकर एटीपी टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 18 वर्षीय फोंसेका 2006 में जन्मे पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने एटीपी टूर खिताब जीता। साथ ही, वह 1990 के बाद एटीपी खिताब जीतने वाले सबसे युवा दक्षिण अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### कठिन मुकाबले में दिखाई मजबूती

दुनिया के 99वें नंबर के फोंसेका ने विश्व नंबर 28 और पांचवीं वरीयता प्राप्त सेरुंडोलो के खिलाफ जबरदस्त खेल दिखाया। फोंसेका ने मुकाबले के दौरान दो बार सर्विस गंवाई, लेकिन टाई-ब्रेक में शानदार वापसी कर जीत दर्ज की। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मारियानो नवोन के खिलाफ दो मैच प्वाइंट बचाकर जीत दर्ज की थी।

### अविश्वसनीय सप्ताह: फोंसेका



जीत के बाद फोंसेका ने कहा, यह मेरे लिए अविश्वसनीय सप्ताह रहा है। अर्जेंटीना में भी कुछ ब्राजीलियाई लोग मुझे समर्थन दे रहे थे, जो शानदार था। उन्होंने आगे कहा, बेशक, मैं नंबर 1 बनना चाहता हूं और ग्रैंड स्लैम जीतना चाहता हूं, लेकिन मेरा असली सपना सिर्फ टेनिस खेलना है और मैं इसे जी रहा हूं।

### लगातार शानदार प्रदर्शन

फोंसेका के लिए यह खिताब बेहद खास है, क्योंकि एक साल पहले उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड एंट्री के जरिए अपना टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ पदार्पण किया था, जब उनकी रैंकिंग 655वीं थी। इसके बाद उन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 2023 जूनियर यूएस ओपन जीता और नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में खिताबी जीत हासिल की। 2025 सीजन की शुरूआत उन्होंने कैनबरा चैलेंजर खिताब के साथ की और फिर ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई करते हुए विश्व नंबर 9 एंड्रे रुबलेव को हराकर सनसनी फैला दी।

### एटीपी रैंकिंग में बड़ी छलांग

अर्जेंटीना ओपन खिताब जीतने के साथ ही फोंसेका अब एटीपी रैंकिंग में 68वें स्थान पर पहुंच जाएंगे और शीर्ष रैंकिंग वाले ब्राजीलियाई खिलाड़ी बन जाएंगे। उनके इस ऐतिहासिक खिताब के साथ टेनिस जगत में एक नई सनसनी उभर चुकी है, और अब सभी की निगाहें उनके आने वाले टूर्नामेंटों पर टिकी होंगी।

एएफसी अंडर-20 एशियाई कप

# ईरान और उज्बेकिस्तान क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी

**शेनझेन।** एएफसी व20 एशियाई कप 2025 में रविवार को ईरान ने यमन को 6-0 से हराकर ग्रुप सी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया पर 3-1 से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी जीत के साथ, दोनों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली, जहां ईरान बेहतर गोल अंतर के चलते शीर्ष पर है।

### ग्रुप बी में रोमांचक मुकाबले

ग्रुप बी में इराक ने सऊदी अरब को 1-0 से हराया, जिसमें अमीर फैसल ने निर्णायक गोल किया। वहीं, इब्राहिम सबरा के दो गोल की बदौलत जॉर्डन ने डीपीआर कोरिया को 2-1 से हराया। इस जीत के साथ इराक चार अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया, जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन तीन-तीन अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। डीपीआर कोरिया के खाते में अब तक सिर्फ एक अंक है, लेकिन एक मुकाबला बाकी होने के कारण सभी टीमें अब भी क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

## व्यापार

# एपीडा ने ऑस्ट्रेलिया को भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप भेजने में मदद की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने एग्रोस्टार और केबी एक्सपोर्ट्स के साथ मिलकर समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की भारत की पहली वाणिज्यिक परीक्षण खेप सफलतापूर्वक पूरी की। यह भारतीय ताजा उपज के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने में एक बड़ी सफलता है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार भारतीय अनार के निर्यात के लिए बाजार तक पहुंच प्राप्त करने के बाद फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया को अनार के निर्यात के लिए एक कार्य योजना और मानक संचालन



प्रक्रियाओं (एसओपी) पर हस्ताक्षर किए गए। एपीडा और राष्ट्रीय पौध संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) द्वारा सफल बाजार पहुंच सुविधा के बाद जुलाई 2024 में पहली हवाई शिपमेंट हुई। हवाई शिपमेंट ने बाजार की मांग का आकलन करने में मदद की, जिसके कारण लागत दक्षता को अनुकूलित करने के लिए समुद्री शिपमेंट का अनुसरण किया गया।

पहली समुद्री माल ढुलाई शिपमेंट 6 दिसंबर, 2024 को भारत से रवाना हुई और 13 जनवरी, 2025 को सिडनी पहुंची, जिसमें महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र से प्राप्त 5.7 मीट्रिक टन (एमटी) अनार थे। इन्हें 1,900 बक्सों में पैक किया गया था, जिनमें से प्रत्येक में 3 किलोग्राम प्रीमियम फल थे। भगवा किस्म के 1,872 बक्से (6.56 टन) ले जाने वाला एक और वाणिज्यिक समुद्री शिपमेंट 6 जनवरी, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन पहुंचा।

सर्राफा बाजार में कमजोरी का रुख

# सोना-चांदी के भाव में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोमवार के कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये से लेकर 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये से लेकर 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,00,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# गिरावट पर लगा ब्रेक, मामूली बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के कारण सोमवार को दिन के दूसरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सोमवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ बंद हुए। इसके पहले लगातार आठ कारोबारी दिनों तक शेयर बाजार लगातार गिरावट के साथ ही बंद हुआ था। अगर सोमवार को भी शेयर बाजार गिरावट के साथ ही बंद होता, तो ये पिछले 6 साल की सबसे लंबी गिरावट हो सकती थी। इससे पहले 30 अप्रैल से 13 मई 2019 के बीच शेयर बाजार लगातार 9 कारोबारी दिन तक गिरावट के साथ बंद हुआ था,



लेकिन इस बार 5 से 14 फरवरी तक लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज नौवें कारोबारी दिन शेयर बाजार मामूली तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा।

सोमवार के दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल और बैंकिंग इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

सोमवार को शेयर बाजार में हुई रिकवरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 400.39 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजनौर में दो बच्चों के पिता ने प्रेमिका संग जहर खाया, मौत

**बिजनौर।** जनपद में सोमवार को दो बच्चों के पिता ने प्रेमिका के साथ जहर खाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपला जांगीर में विवाहित दो बच्चों के पिता सौरभ (27) का गांव की ही महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चार दिन पूर्व दोनों गांव आए थे। सोमवार को दोनों ने जहर खा लिया। दौनो को गम्भीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घटना की छानबीन की। परिजनों से पता चला कि सौरभ का गांव की ही दूसरी जाति की महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों हरिद्वार में रहकर किसी निजी कंपनी में काम करते थे। करीब चार दिन पूर्व ही दोनों गांव आए थे। सोमवार सुबह दोनों ने गांव के पास स्थित जंगल में जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कंबोडिया, मालदीव, सोमालिया, क्यूबा और नेपाल के राजदूतों व उच्चायुक्तों से परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू को जिन लोगों ने अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए, उनमें कंबोडिया की राजदूत राथ मेनी, मालदीव की उच्चायुक्त ऐशाथ अजीमा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा और नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा शामिल हैं।

### मप्र के शहडोल में अवैध कोयला खदान धंसी, दंपति की दबने से मौत

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिलेमें कोयला खदान की मिट्टी धंसने से दंपति की मौत हो गई। यह खदान अवैध तरीके से संचालित की जा रही थी। वहां पर पति-पत्नी कोयला लेने गए थे। हादसा रविवार देर शाम धनगवां गांव में हुआ। पहले खनन माफिया ने इसे छिपाने का प्रयास किया। जब ग्रामीणों ने हंगामा किया, तब यह मामला सामने आया। हादसे की जानकारी पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी रामजी श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। देर रात जेसीबी की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला गया। शवों का मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### अमेरिका से डिपोर्ट किए गए युवक को लुधियाना पुलिस ने पकड़ा

**चंडीगढ़।** अमेरिकी सेना के जहाज से रविवार रात भारत डिपोर्ट किए गए अवैध अप्रवासी भारतीयों में शामिल पंजाब के लुधियाना जिला निवासी एक युवक को पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक के खिलाफ स्नैचिंग का मामला दर्ज है। युवक के पिता पंजाब पुलिस के कांस्टेबल और पूर्व सैनिक हैं। लुधियाना में मामला दर्ज होने के बाद आरोपित डंकी रूट से अमेरिका भाग गया था। लुधियाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान ससराली कॉलोनी, इलाका मेहरबान निवासी 26 वर्षीय गुरविंदर सिंह के रूप में हुई है। यह अमेरिकी सेना के विमान की तीसरी खेप में रविवार रात अमृतसर आया था। हवाई अड्डे पर वेरिफिकेशन के दौरान पता चला कि आरोपित के विरुद्ध लुधियाना में मामला दर्ज है। जिसके बाद लुधियाना की जमालपुर पुलिस ने गुरविंदर को गिरफ्तार कर लिया।

### दक्षिण कश्मीर के त्राल जंगल में लग गई आग

**पुलवामा।** दक्षिण कश्मीर के त्राल के पिंगलिश इलाके में रविवार देर शाम को जंगल में आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बड़े पैमाने पर आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया गया। वन प्रभाग शोपियां के वन्यजीव वार्डन सुहैल अहमद ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वन्यजीव विभाग सामाजिक वानिकी वन विभाग, एनडीआरएफ और सीआरपीएफ कर्मियों की संयुक्त टीमों को तैनात किया गया था। अहमद ने कहा कि आग पर 95 प्रतिशत काबू पा लिया गया है।

### श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो ट्रक से टकराई, चार घायल

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसा होते ही गाड़ी में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर सभी को गाड़ी से बाहर निकाला ।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे बिहार के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए।हादसे में घायल हुए लोगों में राधा देवी, हरे कृष्णा चौधरी, अमरनाथ चौधरी और नरी देवी शामिल हैं।सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्कॉर्पियो में सवार सभी श्रद्धालु मधुबनी, बिहार के रहने वाले हैं, जो अयोध्या में दर्शन करने के बाद वाराणसी की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार के चलते स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर हो गई।

# भोपाल में पहली बार जीआईएस में होगी 'प्रवासी मध्य प्रदेश समिट'

- 15 से ज्यादा देशों से 500 प्रतिनिधि होंगे शामिल
- यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान से बड़े प्रतिनिधिमंडल आएंगे




एजेंसी

**भोपाल।** भोपाल में आयोजित होने जा रहे 'इन्वेस्ट मध्य प्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2025' में पहली बार 'प्रवासी मध्य प्रदेश समिट' का भव्य आयोजन 25 फरवरी को किया जाएगा। इस वैश्विक मंच पर मध्य प्रदेश के प्रवासी उद्योगपतियों और निवेशकों की विशेष भागीदारी होगी। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रवासियों 'फ्रेंडस ऑफ एमपी' समूह के सदस्य शामिल होंगे। इसमें 15 से अधिक देशों से मध्य प्रदेश के 500 से अधिक प्रवासी भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान जैसे देशों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे।

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एक बयान में दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिये एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ एमपी के विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे। इनमें फ्रेंड्स ऑफ एमपी अबूधाबी चैप्टर की चेयर पर्सन लीना वैद्य, फ्रैंड्स ऑफ एमपी बॉस्टन चैप्टर के चेयरमैन प्रमित मकोड़े, फ्रेंड्स ऑफ एमपी यूके चैप्टर के चेयरमैन रोहित दीक्षित, जेराल्ड क्रॉस लंदन यूके की मेयर प्रेरणा भारद्वाज और हाउस ऑफ लॉर्ड्स (यूके) के लार्ड रेमी रेंजर जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय इस आयोजन में अपना विचार रखेंगे। कार्यक्रम में एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिसमें मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाया जाएगा।

'प्रवासी मध्य प्रदेश समिट-2025' न केवल प्रदेश में निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा बल्कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन मध्य प्रदेश को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने में सहायक होगा।

### प्रवासी भारतीय से प्रदेश में निवेश का आह्वान

जनसम्पर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रमुख संबोधन होगा, जिसमें वे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के विकास में योगदान देने और निवेश के नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को मध्यप्रदेश में निवेश और व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में मेंटर ऑन रोड के संस्थापक डॉ. जगत शाह द्वारा अन्तरराष्ट्रीय व्यापार से उद्यमिता को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव संदीप यादव कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय सम्मेलन की भूमिका और महत्व को रेखांकित करेंगे।

### सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिए गए बयान पर भाजपा का पलटवार

# यह गलवान घाटी में बलिदान हुए जवानों का अपमान : सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान को गलवान घाटी में बलिदान हुए जवानों का अपमान बताया।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान में बोल जरूर सैम पित्रोदा के अपने हैं लेकिन संगीत जॉर्ज सोरोस का है। सैम पित्रोदा राहुल गांधी के गुरु हैं। राहुल गांधी ने पीपुल्स लिबरेशन पार्टी ऑफ चाइना के साथ एक गुप्त संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं। राजीव गांधी ने चीन से फंड लिया था। जवाहर लाल नेहरू ने अक्साई चिन और यूएनएससी में भारत की सीट चीन को दे दी। कांग्रेस और चीन की दोस्ती काफी पुरानी है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को मिले कर्ज के दबाव में यह बोल रहे हैं। क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान है या नहीं?



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर शक्तिशाली हो रहा है। ऐसे में अनेक शक्तियां इसे रोकने की साजिश रच रही हैं। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का बयान चीन के संबंध का इजहार कर रहा है। यह भारत की आस्मिता पर गहरा आघात है। उन्होंने कहा है कि चीन के साथ कोई विवाद नहीं है। यह कोई आइसोलेटेड विचार नहीं है। राहुल गांधी ने भी इसी तरह के कई बयान दिए हैं।

सुधांशु ने आरोप लगाया कि भारत में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए गठबंधन किया जा रहा है। गौरव गगोई का संबंध इससे भी पता चलता है। विदेशी शक्ति के लिए कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान है। साथ ही ये भारत में लड़ाने का काम करते हैं। राहुल गांधी के बयान भारत की संप्रभुता को प्रभावित करने के लिए है।

उल्लेखनीय है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा था कि मैं चीन से खतरे को नहीं समझ पा रहा हूं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका में दुश्मन को परिभाषित करने की प्रवृत्ति है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि सभी देश आपस में सहयोग करें, न कि टकराव करें। हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही टकराव वाला रहा है और इस रवैये से दुश्मन पैदा होते हैं, जो बदले में देश के भीतर समर्थन हासिल करते हैं। हमें इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है और यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है। यह न केवल चीन के लिए, बल्कि सभी के लिए अनुचित है।

## कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं। पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने आज यहां कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है।



जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीनचिट भी शामिल है। चीन पर हमारा सबसे हालिया बयान 28 जनवरी 2025 को जारी किया गया था लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद को इस स्थिति पर चर्चा करने और इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकालने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है।

### पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ सीआईडी ने दर्ज किया केस

**गुवाहाटी।** असम कैबिनेट के एक निर्णय के तहत सोमवार को असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी से जांच प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है। दरअसल, जोरहाट के सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के उप नेता गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोल्बर्न गोगोई का पाकिस्तान से संबंध होने के आरोपों के बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया। गौरव गोगोई संबंधी इस विवाद पर रविवार को असम कैबिनेट ने पाकिस्तानी नागरिक नेता अली तौकीर शेख के खिलाफ मामला दर्ज करने के महत्वपूर्ण निर्णय को मंजूरी दी थी। इसके बाद असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि पाकिस्तानी नागरिक नेता अली तौकीर शेख के खिलाफ सीआईडी पीएस में यू/एस 48/152/61/197(1) बीएनएस, 2023 आरडब्ल्यू धारा 13(1) यूए(पी) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# अदालत की अवहेलना मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पीएम ओली को भेजा नोटिस

- न्यायाधीशों ने कहा, अब कोर्ट अपनी निगरानी में गिरिबंधु टी स्टेट के जमीन घोटाले की जांच कराएगी



एजेंसी

**काठमांडू।** अदालत की अवहेलना के एक मामले में नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को नोटिस भेजा है। कोर्ट ने प्रधानमंत्री ओली को सात दिनों के भीतर इसका लिखित जवाब देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष गिरिबंधु टी स्टेट के जमीन घोटाले में जांच करने का आदेश दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जांच कराने के बजाए अध्यादेश लाकर इस जमीन घोटाले को कानूनी रूप देने का काम किया।

प्रधानमंत्री ओली के इस फैसले को अदालत की अवमानना बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ओमप्रकाश अर्याल ने रिट दायर की थी। इसी पर सोमवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने प्रधानमंत्री ओली को नोटिस भेजा है। अधिवक्ता अर्याल ने बताया कि कोर्ट ने प्रधानमंत्री को सात दिनों का समय देते हुए इस पर लिखित जवाब देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायधीश सारंगा सुवेदी और नित्यानंद पांडे की संयुक्त बेंच ने प्रधानमंत्री ओली को नोटिस भेजने के अलावा गिरिबंधु टी स्टेट से जुड़ी सभी फाइलों को अदालत में जमा कराने को कहा है। अपने संक्षिप्त फैसले में न्यायाधीशों ने कहा है कि अब कोर्ट अपनी निगरानी में इसकी जांच कराएगी।

गिरिबंधु टी स्टेट नेपाल के पूर्वी सीमा झापा में है, जहां की करीब साढ़े तीन सौ बीघा सरकारी जमीन ओली ने अपनी पिछली सरकार के दौरान अपने चहेतों को बांट दी थी, लेकिन इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस जमीन आवंटन को रद्द करते हुए इसकी जांच के आदेश दिए थे। इस बार जब फिर से ओली ने सत्ता संभाली तो उन्होंने एक अध्यादेश लाते हुए इस जमीन आवंटन को कानूनी मान्यता देने का प्रयास किया है। हालांकि, यह अध्यादेश अब तक संसद से पारित नहीं हुआ है और भूमि अध्यादेश के नाम से आए इस अध्यादेश का सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों की ओर से लगातार विरोध किया जा रहा है।

## नेपाल को दी जा रही 40 मिलियन डॉलर की सहायता अमेरिकी प्रशासन ने रोकी

एजेंसी

**काठमांडू।** अमेरिकी प्रशासन ने नेपाल को विभिन्न तरीके से दी जाने वाली सहायता पर रोक लगा दी है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ ही पहले अमेरिकी सरकार की विदेशी सहायता एजेंसी यूएसएआईडी की ओर से दिए जा रहे सहयोग पर रोक लगाई गई और अब वार्षिक रूप से दिए जाने वाले 40 मिलियन डॉलर के आर्थिक अनुदान पर भी रोक लगा दी गई है।

एलन मस्क के नेतृत्व में बने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) ने सोमवार को एक नोटिस जारी करते हुए नेपाल को वित्तीय सहायता के लिए दिए जाने वाले 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर और जैविक विविधता के नाम पर दिए जाने वाले 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान को तत्काल बंद कर दिया है। नेपाली रुपये में यह रकम करीब 450 करोड़ है। नोटिस में कहा गया है कि अमेरिकी जनता के टैक्स के पैसे का विदेशों में आर्थिक अनुदान देकर होने वाले दुरुपयोग को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से सभी आर्थिक अनुदान को रद्द किया जाता है।

हालांकि, नेपाल सरकार ने अभी इस बारे में अनभिज्ञता जताई है, लेकिन डीओजीई ने अपने एक्स अकाउंट से इसकी औपचारिक जानकारी दी है। इस नोटिस के जरिए अन्य देशों के अलावा नेपाल के भी वित्तीय संघीयता और जैविक विविधता के नाम पर दिए जा रहे सहयोग को रोकने की जानकारी दी गई है।

सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने कहा कि सरकार के पास अब तक सिर्फ यूएसएआईडी की ओर से दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता को रोकने की औपचारिक जानकारी मिली है।

**व्यापार** आत्मब्रिटिश एयरक्राफ्ट कंपनी मार्टिन बेकर बेंगलुरु में लगाएगी प्लांट

# विमानों की इजेक्शन सीटों का होगा निर्माण

- भारतीय वायु सेना के हवाई बेड़े की इजेक्शन सीटों के रखरखाव में होगी आसानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कंपनी मार्टिन बेकर भारतीय विमानों की इजेक्शन सीटों के रखरखाव और निर्माण के लिए बेंगलुरु में प्लांट लगाएगी। स्वदेश में निर्मित इजेक्शन सीटों को निर्यात करने का भी मौका मिलेगा। इसी कंपनी ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए 108 आईएन16जी सीटों में से 40 फीसदी की आपूर्ति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को की है। इसी तरह मार्क-1 के लिए भी 51 इजेक्शन सीटों की डिलीवरी की गई है।



ब्रिटिश मार्टिन बेकर एयरक्राफ्ट कंपनी विमानन के लिए इजेक्शन सीट और सुरक्षा संबंधी उपकरणों का निर्माण करती है। इजेक्शन सीट के क्षेत्र में अग्रणी बनने से पहले यह कंपनी मूल रूप से विमान निर्माता थी। कंपनी का मुख्यालय हायर डेनहम, बकिंघमशायर, इंग्लैंड में है, जबकि अन्य साइटें फ्रांस, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। मार्टिन बेकर दुनियाभर में 93 वायु सेनाओं के लिए इजेक्शन सीटों की आपूर्ति करती है। इस कंपनी की सीटों को 200 से अधिक फिक्स्ड-विंग और रोटरी प्रकारों में फिट किया गया है, जिनमें सबसे हालिया लॉकहीड मार्टिन एफ-35 लाइटनिंग II प्रोग्राम है।

### निर्यात अवसरों को भी मौका देने में करेगी मदद

मार्टिन बेकर के बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख स्टीव रॉबर्ट्स ने भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने को लेकर जारी एक बयान में कहा कि 2025 के अंत में बेंगलुरु शहर में एक नया प्लांट खोला जायेगा। यहां से भारतीय वायु सेना के विमानों की इजेक्शन सीटों का रखरखाव करने के साथ ही निर्माण भी किया जाएगा। यह सुविधा इजेक्शन सीटों के लिए निर्यात अवसरों को भी मौका देने में मदद करेगी। मार्टिन बेकर 83 हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1 ए लड़ाकू विमानों के लिए 108 इजेक्शन सीटें देने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने इस ऑर्डर के लिए आईएन16जी सीटों का लगभग 40 फीसदी हिस्सा वितरित भी कर दिया है, जिसकी अंतिम डिलीवरी 2028 तक होने की उम्मीद है।

### इसकी कॉकपिट एलसीए संस्करणों से अलग होगी

कंपनी के मुताबिक एलसीए मार्क-2 के लिए डिजाइन की गई आईएन 16 सीट के एक संस्करण के बारे में एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ भी चर्चा कर रही है। एलसीए मार्क-2 को एक अपडेटेड सीट की आवश्यकता है, क्योंकि इसकी कॉकपिट शुरूआती एलसीए संस्करणों से अलग होगी। आईएन 16 सीट एलसीए मार्क-2 के प्रोटोटाइप संस्करणों के लिए है, जबकि कंपनी ने अन्य संस्करणों के लिए अपनी एमके-18 सीट की पेशकाश की है। इसके साथ ही कंपनी ने नियोजित एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) और ट्विन-इंजन डेक बेस्ड फाइटर (टीईडीबीएफ) के लिए भी इजेक्शन सीटों की आपूर्ति का प्रस्ताव रखा है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और मार्टिन बेकर डिजाइन डेटा का आदान-प्रदान करेंगे और आवश्यक सीट के प्रकार को अंतिम रूप देने से पहले कॉकपिट और विमान की तकनीकी आवश्यकताओं पर आम सहमति बनाएंगे। भविष्य के कार्यक्रमों पर अपने काम के अलावा मार्टिन बेकर भारत के मौजूदा हवाई बेड़े के विमानों में स्थापित सीटों के लिए एचएएल और वायुसेना का समर्थन करेगी।

### इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद मामला

## यूट्यूबर समय रैना बयान दर्ज कराने के लिए 18 फरवरी को तलब

एजेंसी

**मुंबई।** इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना को बयान दर्ज कराने के लिए 18 फरवरी को तलब किया है। साइबर सेल ने समय रैना के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान दर्ज करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार समय रैना ने साइबर सेल से अनुरोध किया था कि वे इस समय अमेरिका में हैं और पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण 17 मार्च से पहले भारत नहीं लौट पाएंगे। इसलिए उनका बयान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज कर लिया जाए, लेकिन महाराष्ट्र साइबर सेल ने रैना के इस अनुरोध को अस्वीकृत करके 18 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से अपना बयान दर्ज करने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को समय रैना होस्ट करते थे, जिसमें शो के पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया की टिप्पणियों को लेकर विवाद पैदा हो गया है। इस शो का भारी विरोध होने के बाद रणवीर अल्लाहबादिया, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा, कॉमेडियन समय रैना और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के आयोजकों के खिलाफ साइबर सेल में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की छानबीन साइबर पुलिस की टीम कर रही है।

